दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली गुरुवार 04 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 161 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## मालवीय नगर अग्निकांड : चीख-पुकार और मौत का धुआं

### सुलगती दिल्ली : रेस्टोरेंट में लगी आग में 21 लोगों की दर्दनाक मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में फ्लोरिश स्टे बी एंड बी नाम के रेस्टोरेंट में आग लगने से अब तक कम से कम 21 लोगों की मौत की खबर है। दिल्ली पुलिस ने ये जानकारी दी। एक प्रेस रिलीज में पुलिस ने बताया, आज प्रातः 08:48 बजे मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और बचाव, निकासी एवं राहत कार्य प्रारंभ किया गया।

दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी, फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियों की सहायता से आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया है। पुलिस, अग्निशमन सेवा एवं अन्य आपातकालीन एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से 40 से अधिक व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार हेतु निकटवर्ती अस्पतालों में भेजा गया है। अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि इस दुखद घटना में 21 व्यक्तियों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। बचाव एवं तलाशी अभियान अभी भी जारी है तथा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां मौके पर तैनात हैं।

घटना से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त होने पर समय-समय पर साझा की जाएगी। घटना में जलने वालों को मैक्स अस्पताल साकेत ले जाया गया। अस्पताल ने बयान जारी करते हुए कहा, जिन 39 मरीजों को अस्पताल लाया गया था उनमें से 18 की पहले ही मौत हो चुकी थी। वहीं स्थानीय बीजेपी विधायक सतीश उपाध्यय ने कहा, 21 लोगों की मौत हुई है जबकि 47 लोगों को बचाया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा इस आग में 21 लोग ज़िंदा जल गए। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

यहां कई लोग विदेशों से आए थे। लोग अपने परिजनों के इलाज के लिए यहां पहुंचे थे। वे सभी मजबूरी में यहां रह रहे थे। सरकार को कुछ शर्म करनी चाहिए। घटना पर प्रधानमंत्री कार्यालय, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उप-राज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट करके इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने का एलान किया है।

# जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह आज गाजियाबाद में, कोर कमेटी के साथ करेंगे बैठक



## कार्यकर्ता करेंगे प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत

### प्रभारी मंत्री का होगा भव्य स्वागत और संगठन के साथ करेंगे बैठक

करंट क्राइम। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह आज गाजियाबाद आयेंगे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का गाजियाबाद में भाजपा कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे। वसुन्धरा के सिलवर स्पून होटल मेंप्रभारी मंत्री तथा संगठन अधिकारी बैठक करेंगे। कार्यकर्ता जिले के प्रभारी मंत्री का स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन की बैठक में जिलाध्यक्ष , महामंत्री तथा प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी रहेगी।

### गौशाला का करेंगे निरीक्षण और राजा वर्मा के यहां रहेगा रात्रि प्रवास

करंट क्राइम। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह आज गाजियाबाद में रहेंगे। जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा वो जिला स्तर पर महिला दुग्ध उत्पादकों का सम्मान करेंगे। यहां वो मीडिया से भी रूबरू होंगे और गौशाला का निरीक्षण करेंगे तथा कार सेवा भी करेंगे। बताया जाता है कि वो किसी रोडवेज बस स्टेशन का निरीक्षण कर सकते हैं, किसी दलित बस्ति में जा सकते हैं। गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह गुरूवार को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा के राजनगर स्थित आवास पर रात्रि विश्राम करेंगे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के पशुधन तथा दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। प्रभारी मंत्री बनने के बाद धर्मपाल सिंह आज गाजियाबाद आ रहे हैं। उनका कार्यक्रम आ गया है। वह नई दिल्ली से पहले यूपी सदन जायेंगे और फिर यूपी सदन से डाक बंगले पर आयेंगे। यहां से 11 बजे विकास भवन पर समन्वय समति तथा कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसमे गाजियाबाद के डीएम, पुलिस आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, नगरायुक्त तथा जीडीए वीसी शामिल होंगे।

इस बैठक में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि भी रहेंगे। इस बैठक में विकास से जुड़ी कई समीक्षा होंगी।

# सूर्या हत्याकांड : अवैध मदरसों पर FIR और 25 हजार का इनामी सारिक मेवाती गिरफ्तार

## खोड़ा में तीसरे दिन भी चला 'ऑपरेशन क्लीन'

**मर्डर**

**पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों के घर-घर जाकर सत्यापन अभियान भी चलाया**



हत्यारोपी असद (मृतक) | मृतक सूर्या प्रताप चौहान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा खोड़ा क्षेत्र में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत बुधवार को लगातार तीसरे दिन बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। एक ओर अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, वहीं सूर्या प्रताप हत्याकांड में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों के घर-घर जाकर सत्यापन अभियान भी चलाया। डीसीपी का कहना है कि खोड़ा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, अपराधियों और संदिग्ध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। डीसीपी नगर/ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि खोड़ा क्षेत्र में अवैध संपत्तियों और संस्थानों की लगातार जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध मदरसों पर एफआईआर, तीन आरोपी नामजद




करंट क्राइम : पुलिस और प्रशासन द्वारा एक दिन पहले सील किए गए दो अवैध मदरसों के मामले में थाना खोड़ा में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि दोनों मदरसे बिना पंजीकरण और अल्पसंख्यक विभाग की अनुमति के संचालित किए जा रहे थे। इस मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए भारतीय न्याय संहिता और भारतीय विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का इनामी आरोपी दबोचा



करंट क्राइम : थाना खोड़ा पुलिस ने 28 मई को हुए सूर्या प्रताप हत्याकांड में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी सारिक मेवाती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी नहर पटरी स्थित इंदिरापुरम अंडरपास क्षेत्र से मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में अपने साथियों के साथ मिलकर सूर्या प्रताप पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की है। इस मामले में मुख्य आरोपी असद की पहले पुलिस मुठभेड़ के बाद उपचार के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि नवाब, फरहान और अतीफ को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### हिस्ट्रीशीटरों के घर पहुंची पुलिस

करंट क्राइम : ऑपरेशन क्लीन के तहत तीसरे दिन पुलिस टीमों ने खोड़ा क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटरों, अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के घरों का सत्यापन अभियान चलाया। अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने घर-घर पहुंचकर मौजूदगी, गतिविधियों और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की। डीसीपी का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दूध कारोबारी ओंकार हत्याकांड में पांच फरार आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम

## शव की तलाश में गंग नहर में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी

**हत्याकांड**

**पुलिस की 20 टीमें 8 हजार किलोमीटर तक खंगाल चुकीं सुराग**

**सीएम और डीजीपी स्तर से हो रही मॉनिटरिंग**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी क्षेत्र के गनौली गांव निवासी 44 वर्षीय डेयरी संचालक एवं दूध कारोबारी ओंकार सिंह की हत्या का मामला अब प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। हत्या के कई दिन बाद भी ओंकार सिंह का शव बरामद नहीं होने से पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही गाजियाबाद पुलिस अधिकारियों को जल्द खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के फोटो भी जारी किए हैं और उनकी गिरफ्तारी अथवा सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार ओंकार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने की आशंका जताई जा रही है। शव की बरामदगी के लिए पुलिस और एनडीआरएफ की सहायता से गंग नहर समेत विभिन्न स्थानों पर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

**इन पांच पर घोषित हुआ इनाम**

- गौरव नागर पुत्र गजराज, निवासी बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर
- गोपाल पुत्र रमेश, निवासी गनौली, थाना लोनी
- सौरभ उर्फ मोटा पुत्र विजेंद्र, निवासी गनौली, थाना लोनी
- गौरव पुत्र विजेंद्र, निवासी गनौली, थाना लोनी
- रोहित पुत्र मुकुट पंडित, निवासी गनौली, थाना लोनी।

### आरोपियों को शरण देने वाले सात गिरफ्तार



गाजियाबाद( करंट क्राइम)। लोनी थाना पुलिस ने दूध कारोबारी ओंकार के अपहरण और हत्या के मामले में आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि इन लोगों ने वारदात में शामिल आरोपियों को शरण और सहयोग प्रदान किया था, जिसके बाद मुकदमे में धारा 253 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में किरण, कोमल, दीपांशु, प्रीत, शेखर, मोहित और विक्रांत उर्फ विक्की शामिल हैं। पूछताछ में पुरानी रंजिश के चलते मुख्य आरोपियों की मदद करने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि पांच मुख्य आरोपी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### लगातार दबिश पर पुलिस के हाथ खाली

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर व डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि मामले के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कमिश्नरेट की लगभग 20 टीमें लगातार काम कर रही हैं। पुलिस अब तक करीब 8 हजार किलोमीटर के दायरे में विभिन्न जनपदों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। वहीं एडिशनल सीपी कानून एवं व्यवस्था राजकरण नैयर ने कहा कि फरार आरोपियों पर इनाम घोषित कर दिया गया है। उनकी गिरफ्तारी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आरोपियों की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस को विश्वास है कि जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे और मामले का पूर्ण खुलासा किया जाएगा। बता दें कि इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में हैं और परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठा रहे हैं। वहीं शव बरामद न होने से परिजनों की चिंता और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

# सीएम योगी का बड़ा फैसला: समरकूल को गोरखपुर गीडा में मिला 25 हजार वर्ग मीटर का भूखंड, होगा 100 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल में रोजगार की बहार : समरकूल होम एप्लांयसेज के नए प्लांट से 500 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार





**इस ऐतिहासिक अवसर पर समरकूल परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कंपनी प्रबंधन की ओर से कहा गया कि समरकूल इस विकास यात्रा में अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश को 'अति उत्तम प्रदेश' और देश का प्रमुख औद्योगिक हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के तहत आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों द्वारा देश के प्रतिष्ठित ब्रांड समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड को 25 हजार वर्ग मीटर के औद्योगिक भूखंड का आवंटन पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री के हाथों मिले इस प्रोत्साहन के बाद अब गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को एक नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

### अति उत्तम प्रदेश' की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश : समरकूल परिवार



करंट क्राइम। इस ऐतिहासिक अवसर पर समरकूल परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कंपनी प्रबंधन की ओर से कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग जगत को दी जा रही हर संभव सहायता और नीतियों के कारण ही आज निवेशक राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं। सूबे में हो रहा यह चहुंमुखी विकास उत्तर प्रदेश को वास्तव में 'अति उत्तम प्रदेश' बना रहा है, और समरकूल इस विकास यात्रा में अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर सेल्स हेड नरेश बत्रा एवं सीएंडएफ अजय अग्रवाल (संतोष इलैक्ट्रिकल्स)।

### समारोह में उद्योग जगत के दिग्गज रहे मौजूद

करंट क्राइम। गोरखपुर में आयोजित इस उच्च स्तरीय भूखंड वितरण समारोह में समरकूल परिवार का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपनी के सेल्स हेड श्री नरेश बत्रा और समरकूल के सीएंडएफ (संतोष इलैक्ट्रिकल्स) से श्री अजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र ग्रहण किया और राज्य में उद्योगों के लिए बनाए गए सुरक्षित और सुलभ माहौल की सराहना की।

### 100 करोड़ रुपए प्लस का निवेश, बदलेगी पूर्वांचल की सूरत

करंट क्राइम। प्राप्त विवरण के अनुसार, समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड जल्द ही गीडा में आवंटित इस विशाल भूखंड पर अपनी अत्याधुनिक औद्योगिक इकाई (मैन्युफैक्चरिंग प्लांट) की स्थापना शुरू करेगी। कंपनी इस पूरी परियोजना में 100 करोड़ रुपये से अधिक का भारी निवेश करने जा रही है। इस प्लांट के चालू होने से क्षेत्र के 500 से अधिक स्थानीय लोगों और युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा, जिससे पूर्वांचल के आर्थिक परिदृश्य में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा।

# मालवीय नगर हादसे में 21 लोगों की मौत, इनमें 18 विदेशी, पुलिस ने दर्ज किया केस




**नई दिल्ली।** मालवीय नगर आग की घटना पर दिल्ली अग्निशमन सेवा के पीआरओ एके मलिक ने कहा, 'आज दिल्ली सरकार के मंत्री ने घटनास्थल का दौरा किया और संबंधित डीसी और एसडीएम को निर्देश दिए कि ऐसी सभी इमारतों का तत्काल निरीक्षण किया जाए। मंत्री ने आज शाम तक इस संबंध में एक रिपोर्ट भी मांगी है।'

दिल्ली में कांगो नागरिक के परिवार की मौत इस घटना में कांगो के एक नागरिक के परिवार के सदस्यों की मृत्यु हो गई। नागरिक ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी बहन भी इस हादसे में मारी गई है। उसने अपने प्रियजनों को खोने पर गहरा सदमा जताया। घायलों में पांच हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबल शामिल दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 'दिल्ली पुलिस के दस कर्मियों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें पांच हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबल शामिल हैं। वे ही सबसे पहले परिसर में दाखिल हुए थे। उनका फिलहाल इलाज चल रहा है।' दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला हमला दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, 'बहुत दुखद है। दिल्ली में ये पहली घटना नहीं है। पिछले तीन महीने में हुई ये चौथी ऐसी घटना है जहां लोगों ने अपनी जान गंवा दी है लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मैं दिल्ली के फायर डिपार्टमेंट और यहां के कॉर्पोरेशन को जिम्मेदार ठहराना चाहता हूं, इन्हीं के संरक्षण में कहीं न कहीं इस तरह की अवैध कार्रवाई होती है। लोग मर जाते हैं और यहां की सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगती?

दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, जिस रेस्टोरेंट में आग लगने से 21 लोगों की मौत हुई थी, उसकी पहचान 'होटल फ्लोरिश स्टेज' के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, होटल के मालिक की पहचान लोकेश बजाज के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, होटल के संचालन में तीन पार्टनर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन पार्टनर के दिल्ली में कई अन्य होटल और गेस्ट हाउस भी हैं। पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां होटल के मालिकाना हक, संचालन और सुरक्षा मानकों से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही हैं।'

## पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख की मदद का ऐलान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालवीय नगर आग की घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया। प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रु और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## जान बचाने के लिए ऊपर से कूदे



## 47 लोगों को रेस्क्यू किया, 21 लोगों की मौत

मालवीय नगर के एसडीएम जितेंद्र कुमार ने बताया, 'हमारा खोज और बचाव अभियान 12:12 पर खत्म हो चुका है। कुल 47 लोगों को रेस्क्यू किया गया है और 21 लोगों की मौत हुई है। 2-3 लोगों की हालत गंभीर है। इमारत के नीचे कोई होटल स्थित है हालांकि अग्निशमन विभाग इस बात की पुष्टि नहीं कर पाया है कि आग लगने के क्या कारण है। आग ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई थी।'

दो मरीजों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जानकारी के अनुसार, मालवीय नगर रेस्टोरेंट में लगी आग की घटना से जुड़े दो मरीजों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया है। इन मरीजों को क्रमशः मैक्स अस्पताल और पं. मदन मोहन मालवीय अस्पताल से रेफर किया गया है, और फिलहाल संबंधित डॉक्टर इनका इलाज कर रहे हैं।

दिल्ली में लगातार हो रही आगजनी की घटनाएंः कांग्रेस सांसद कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, 'दिल्ली में आगजनी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को समीक्षा करनी चाहिए, फायर ब्रिगेड को बहुत चुस्त-दुरुस्त करना चाहिए और ये देखना चाहिए कि कारण क्या है कि इतनी आगजनी हो रही है और लोग मर रहे हैं। ये बहुत भयावह स्थिति है। इसमें दिल्ली सरकार को कुछ न कुछ कदम जरूर उठाने चाहिए। हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठना चाहिए।'

आतिशी ने भाजपा सरकार को घेरा आम नेता आतिशी ने कहा, 'मालवीय नगर में आग लगने से 20 लोगों की जान जाने की खबर बहुत दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और घायल लोग जल्द स्वस्थ हों।

मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। लेकिन सवाल यह है कि दिल्ली में बार-बार हो रहे अग्निकांडों और मासूम लोगों की मौतों की जिम्मेदारी कौन लेगा? भाजपा सरकार के तहत आखिर फायर सेफ्टी व्यवस्था इतनी बदहाल क्यों हो गई है? हर हादसे के बाद सिर्फ बयान आते हैं, लेकिन जवाबदेही कहीं नजर नहीं आती। लोगों की जान की कीमत पर यह लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं है।' इमारत के मालिक के बारे में जांच कर रहेः संयुक्त पुलिस आयुक्त

मालवीय नगर में आग लगने की घटना में 21 लोगों की मौत पर संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय कुमार ने कहा, हम इमारत के मालिक के बारे में जांच कर रहे हैं।



## हादसे पर राष्ट्रपति ने जताया दुख

मालवीय नगर हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।'

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जताया दुख

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ट्वीट किया, श्मालवीय नगर में लगी भीषण आग की घटना में लोगों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के जल्द ठीक होने और इस दिल दहला देने वाली घटना से प्रभावित सभी लोगों को हिम्मत और हौसला मिलने की प्रार्थना करती हूं। घटना की जानकारी मिलते ही, दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली पुलिस, ऊळटअ, उअळर एम्बुलेंस सर्विस और दूसरी इमरजेंसी रिस्पॉन्स एजेंसियों की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया और उन्होंने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए। उनकी तेजी से की गई कार्रवाई की वजह से प्रभावित जगह से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। दिल्ली सरकार हालात पर बारीकी से नजर रखे हुए है। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मेडिकल मदद और सहायता दी जा रही है। दुख की इस घड़ी में दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। हम इस घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## हादसे पर केजरीवाल ने जताया दुख

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली के मालवीय नगर में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं। आज मालवीय नगर में इतनी बड़ी घटना हो गई। 20 लोगों की मौत की दुखद खबर आ रही। दिल्ली में लगातार हो रहे अग्निकांड और मासूम लोगों की मौतें बेहद चिंताजनक हैं।'

## मन बहुत दुखी हुआ है ये सुनकरः भाजपा सांसद मनोज तिवारी

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'ये बहुत दर्दनाक हादसा है। हमें सूचना मिली कि होटल के रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। अभी तक जो सूचना आ रही है उसके अनुसार 21 लोगों की मौत की खबर है। सभी एजेंसियां घायलों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। मन बहुत दुखी हुआ है ये सुनकर, ये बहुत दर्दनाक हादसा है। प्रयास है कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। जांच की बात है कि क्या गड़बड़ी हुई जिस कारण ऐसी भीषण आगजनी की घटना घटी। लगातार प्रयास किया जा रहा है कि ऐसी छोटी-छोटी त्रुटियों को खत्म किया जाए।'

# कांग्रेस दो सर्वे : एक में मिल रही कड़ी चुनौती तो दूसरे में आ रही सरकार



**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस ने दो सर्वे करवाए हैं। इनमें एक में कड़ी चुनौती मिल रही है तो दूसरे में सरकार आ रही है। कमजोर सीटों पर राहुल और खरगे का चिंतन-मंथन हुआ है। सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने की रणनीतिक चर्चा की है।

पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान बहुमत हासिल कर सत्ता पर काबिज कैसा हुआ जाए, इस पर हाईकमान ने चिंतन शुरू कर दिया है। पांच दिन के भीतर नई दिल्ली में हुईं दो हाई लेवल मीटिंग के दौरान इसी संदर्भ में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल, पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने रणनीतिक चर्चा की। पंजाब में कौन सी सीटें मजबूत हैं, कड़े मुकाबले वाली हैं और कहां पार्टी कमजोर है, इस पर आला नेताओं ने मंथन किया।

सूबे में आठ महीने बाद विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के साथ-साथ ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) भी खासी गंभीर है।

## मालवा पर खास फोकस जरूरी

2022 के विधानसभा चुनाव में मालवा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। क्षेत्र की 69 में से कांग्रेस महज दो ही सीटें जीत पाई थी। सर्वे में इस क्षेत्र पर खास फोकस करने को कहा गया है। इसके अलावा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों 15 से 20 हेविवेट नेता कांग्रेस जॉइन करना चाहते हैं। इनको कब शामिल किया जा सकता है और इनके शामिल होने के बाद संबंधित क्षेत्र में किसी प्रकार की गुटबाजी व विवाद न हो, इस पर भी विमर्श किया गया। सर्वे में जो विधानसभा सीटें कमजोर हैं वहां की जिम्मेदारी किस मजबूत नेता को दी जाए, इस पर भी आला नेताओं के बीच मंत्रणा हुई। कुछ सेलिब्रेटी चेहरों को भी सामने लाने पर विचार हुआ।

## नेतृत्व बदलने पर भी सर्वे में फर्क

पंजाब का नेतृत्व बदला जाए या नहीं, इस बिंदु पर हुए आईसीसी और पीपीसीसी के सर्वे में भी फर्क सामने आया है। हाईकमान का सर्वे कहता हैं कि सूबे में पार्टी नेतृत्व बदलने की मांग जोर पकड़ रही है और इसी मसले पर कई आला नेताओं में मतभेद है। उधर पीपीसीसी का सर्वे कहता है कि 2027 विधानसभा चुनाव मौजूदा अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और प्रभारी भूपेश बघेल के नेतृत्व में ही लड़ा जाए मगर मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष के साथ एक दलित नेता को बतौर कार्यकारी प्रधान लगाया जाए। एआईसीसी की सर्वे टीम ने नेतृत्व परिवर्तन के दौरान कुछ नेताओं के नाम भी सुझाए हैं। चार जट्ट सिख चेहरे पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा, विधायक व एआईसीसी के सचिव परगट सिंह, नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा व विधायक सुखपाल सिंह खैरा का नाम शामिल है।

# ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने को चुनौती मामले में हाईकोर्ट सख्त

## मांगी पंचायत चुनाव की तिथि

**लखनऊ।** ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग से पंचायत चुनाव की तिथि बताने को कहा है। साथ ही राज्य सरकार को पिछड़ा वर्ग आरक्षण से जुड़ी आयोग की रिपोर्ट 10 जुलाई तक पेश करने का निर्देश दिया है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें इनमें प्रशासक नियुक्त करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों के चुनाव कब कराएंगे।



चुनाव की तिथि भी अगली सुनवाई पर बताने को कहा है। अदालत ने राज्य सरकार को भी पंचायत चुनाव के मद्देनजर गठित समर्थित अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट भी अगली सुनवाई पर 10 जुलाई को पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने बुधवार को यह आदेश ओमप्रकाश प्रजापति की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने पर, राज्य सरकार ने आदेश जारी करके वहां के प्रधानों को ही उनकी ग्राम पंचायतों में बतौर प्रशासक नियुक्त कर दिया है।

### 3 जून को सुनवाई करने का आग्रह किया गया था

याचिकाकर्ता ने इस आदेश को कानून की मंशा के खिलाफ कहकर इसे चुनौती दी है। मंगलवार को सुनवाई के समय, राज्य सरकार की ओर से याचिका पर 3 जून को सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। कोर्ट ने तदनुसार, मामले को 3 जून को सूचीबद्ध करके पेश करने का निर्देश दिया था। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग को पंचायत चुनाव कराने की तिथि पेश करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने राज्य सरकार की इस दलील को नहीं माना कि ओ बी सी आयोग छह माह में रिपोर्ट देगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को मामले की अगली सुनवाई पर 10 जुलाई को यह रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। दरअसल, पंचायत चुनाव में सीटों के आरक्षण आदि के निर्धारण के लिय राज्य सरकार ने समर्थित पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किया है, जो छह माह में अपनी रिपोर्ट देगा। इसकी रिपोर्ट के बाद ही पंचायत चुनाव कराने की बात कही हाल रही थी। लेकिन, अब हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार को ओ बी सी आयोग की रिपोर्ट पेश करनी है।

# यूपी के मंत्री राजभर बोले- इंडिया गठबंधन बेदम साथ मिलकर भी यूपी चुनाव में रहेगा बेअसर



**लखनऊ।** पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यूपी में एनडीए गठबंधन प्रभावी है जबकि इंडिया गठबंधन फेल है। इसके नेता साथ आकर भी यूपी चुनाव में कुछ भी असर नहीं डाल पाएंगे।

यूपी सरकार में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आठ जून को होने वाली बैठक को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन बेदम हो चुका है। इसके नेताओं का यूपी में कोई प्रभाव नहीं है। ममता बनर्जी का प्रभाव पश्चिम बंगाल में है पर यूपी में बेअसर हैं। इसी तरह कांग्रेस का भी यूपी में कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ आने पर यूपी के चुनाव पर कुछ भी असर नहीं पड़ेगा। यूपी में एनडीए इसलिए ताकतवर है क्योंकि इससे जुड़ी हुई छोटी पार्टियां भी प्रदेश के कई जिलों में प्रभाव रखती हैं जबकि इंडिया गठबंधन फेल है।

## गैर यादव ओबीसी पर हमलों पर क्यों चुप हैं अखिलेश यादव

इसके पहले, राजभर ने मंगलवार को फिर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सियासी तीर छोड़े। बीते पांच दिनों में पांच गैर यादव जाति के ओबीसी युवकों पर हमलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमान और यादव बिरादरी के लोगों पर हमले होते हैं तो सपा अध्यक्ष तत्काल बयान जारी करते हैं, लेकिन गैर यादव पिछड़ी जातियों के लोगों पर हुए हमले पर उनकी जुबान सिल जाती है।

उन्होंने एक्स पर अखिलेश और उनके समर्थकों पर बहुजन, गैर-यादव पिछड़ों और गरीब तबकों के खिलाफ हिंसा को लेकर सवाल उठाए हैं। कहा कि वह किसी की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। पिछली घटनाओं का जिक्र करते हुए अखिलेश के पीडीए फॉमूर्ले पर भी सवाल खड़े किए।

उन्होंने अमेठी से सपा विधायक महाराजी प्रजापति व चंदौली में सपा जिलाध्यक्ष गार्गी पटेल के साथ मारपीट, रामजन्म राजभर, धनराज मौर्य और सूर्या चौहान हत्याकांड और लखनऊ में संदीप सिंह की हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि इन घटनाओं में शामिल कौन लोग हैं यह सपा अध्यक्ष जानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग उनके ही शागिर्द हैं। इसलिए सपा मुखिया ने चुप्पी साध ली है।

# ईंधन संकट के कारण लखनऊ-बैंकॉक की सीधी उड़ान 5 जून से बंद

**नई दिल्ली।** ईंधन संकट के कारण लखनऊ और बैंकॉक के बीच संचालित सीधी विमान सेवा 5 जून से बंद की जा रही है। इससे पहले कुआलालंपुर की उड़ान भी बंद हो चुकी है। लखनऊ से बैंकॉक के बीच उड़ान भरने वाली थाई एयर एशिया की सीधी उड़ान पांच जून से बंद कर दी जाएगी। ईंधन संकट के चलते यह सेवा बंद की जा रही है। जबकि पिछले महीने मलयेशिया की सीधी उड़ान बंद कर दी गई है। ईरान व अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के चलते ईंधन संकट बरकरार है।

इसका असर विमान सेवाओं पर भी पड़ रहा है। लखनऊ से मलयेशिया के क्वालालंपुर के बीच संचालित होने वाली एयर एशिया की सीधी उड़ान बंद कर दी गई है। वहीं, बैंकॉक जाने वाली थाई एयर एशिया की डायरेक्ट फ्लाइट पांच जून से बंद कर दी जाएगी। थाई एयर एशिया की बैंकॉक से लखनऊ आने वाली सीधी उड़ान संख्या एफडी-146 रात 8:25 बजे उड़ान भरकर रात 10:51 बजे पहुंचती है।

वापसी में लखनऊ से बैंकॉक जाने वाली उड़ान संख्या एफडी-147 रात 11:05 बजे उड़ान भरकर सुबह 3:38 बजे पहुंचती है। ईंधन संकट के चलते विमान सेवा को पांच जून से बंद



कर दिया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ से बैंकॉक की थाई एयर एशिया की सीधी उड़ान से सर्वाधिक हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी होती थी। दर्जनभर से अधिक मामले कस्टम की टीम ने पकड़े हैं। ऐसे में सीधी उड़ान बंद हो जाने से गांजे की तस्करी पर भी विराम लगने की संभावनाएं अफसर जता रहे हैं।

# डीके शिवकुमार कर्नाटक के नए सीएम: संविधान हाथ में लेकर ली शपथ, जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने

**कर्नाटक।** कर्नाटक कांग्रेस के कद्दावर नेता डीके शिवकुमार ने बुधवार को बंगलूरू के लोक भवन में कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उनके साथ कई मंत्री भी शपथ ले रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के गठन के साथ बुधवार को डीके शिवकुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान शिवकुमार ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी. परमेश्वर ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण ली। राज्यपाल ने दोनों नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा मंत्रिपरिषद के विस्तार के तहत 12 अन्य नेताओं को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई जा रही है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया का नाम भी शामिल है। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 30 मई को बंगलूरू में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित की गई।



जिसमें उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा गया था। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके बाद आज शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। डीके शिवकुमार ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत 1980 के दशक की शुरूआत में एक छात्र नेता के तौर पर की थी। 1979 में जब देवराज उर्स और उनके समर्थक कांग्रेस पार्टी छोड़कर चले गए थे, तब शिवकुमार ने एक छात्र नेता के रूप में कांग्रेस में अपनी पैठ बनाई और पार्टी में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। 1985 में अपने पहले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन एनएसयूआई ने उन्हें छात्र चुनाव का टिकट देने से इनकार कर दिया था। इसी दौरान भाजपा नेता अनंत कुमार ने भी उन्हें अपनी छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल करने का असफल प्रयास किया था।उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव 1985 में साठनूर सीट से दिग्गज नेता एचडी देवेगौड़ा के खिलाफ लड़ा था, लेकिन इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# कॉकरोच जनता पार्टी ने तीन प्रवक्ताओं के नामों का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया आधारित विरोध अभियान कॉकरोच जनता पार्टी ने मुख्यधारा की राजनीति में उतरने के संकेत दे दिए हैं। सीजेपी ने अपने तीन प्रवक्ताओं के नामों का एलान किया है। साथ ही सीजेपी ने कहा है कि वे भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




कॉकरोच जनता पार्टी ने जनता और मीडिया से बात करने के लिए तीन प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। सीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट कॉकरोच इज बैक के जरिए सोशल मीडिया पर इन नियुक्तियों की जानकारी दी। पोस्ट के अनुसार, खोजी पत्रकार सौरव दास को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। इनके अलावा, राजनीतिक शोधकर्ता, लेखिका और फिल्म निमार्ता विजेता दहिया तथा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकिंजी से जुड़े रहे आशुतोष रांका को भी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

सीजेपी ने कहा है कि वह भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल का नेतृत्व नई पीढ़ी के नेता करेंगे। पोस्ट में दावा किया गया है कि पार्टी का उद्देश्य देश में नई राजनीतिक सोच और संवाद को बढ़ावा देना है, जिसके लिए युवा नेतृत्व को आगे लाया जा रहा है। सौरव दास को कानूनी, न्यायिक और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित पत्रकारिता करने का अनुभव है। सीजेपी ने दावा किया है कि साल 2025 में इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ जो विरोध प्रदर्शन हुआ था, उसमें सौरव दास की प्रमुख भूमिका थी। वहीं विजेता दहिया यूट्यूब पर कई शोध और कंटेंट क्रिएशन कर चुकी हैं। विजेता दहिया ने किताबें भी लिखी हैं। साथ ही कुछ क्षेत्रीय फिल्मों में लेखन और निर्देशन भी किया है। आईआईटी, कानपुर और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व छात्र रहे आशुतोष रांका लंदन में प्रतिष्ठित परामर्श कंपनी मैक्किंजे में काम कर चुके हैं।

## 6 जून को भारत लौटेंगे सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके

कॉकरोच जनता पार्टी नामक सोशल मीडिया अभियान के संस्थापक अभिजीत दीपके ने एलान किया है कि वे 6 जून को भारत आ रहे हैं। अभिजीत दीपके फिलहाल अमेरिका में हैं। दीपके ने ये भी कहा कि वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करके शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।
सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी एक टिप्पणी में बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कह दिया था। जिस पर खूब विवाद हुआ और इस विवाद के बाद ही सोशल मीडिया पर विरोध अभियान कॉकरोच जनता पार्टी की शुरूआत हुई। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर के रहने वाले अभिजीत दीपके ने इस सोशल मीडिया अभियान की शुरूआत की।

# गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की ऑडिट रिपोर्ट पर एक्शन में सैनी सरकार

## छह अधिकारी निलंबित

**चंड़ीगढ।** प्राधिकरण की टिप्पणी के बाद लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के तीन अधिकारियों व विकास एवं पंचायत विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों के कुछ अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों में गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण द्वारा किए गए तकनीकी ऑडिट के दौरान सामने आई कमियों और अनियमितताओं को गंभीरता से लिया है।



प्राधिकरण की टिप्पणी के बाद लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के तीन अधिकारियों व विकास एवं पंचायत विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों के कुछ अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एक मामले में कार्य की गुणवत्ता संबंधी कमियों के कारण संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू की गई है।

पिछले दिनों चंडीगढ़ में गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा था कि गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले तकनीकी ऑडिट को सभी विभाग गंभीरता से लें। साथ ही परियोजनाओं की योजना, डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बताया कि उनकी टीमों ने भवन, सड़क, सिंचाई, जनस्वास्थ्य व विद्युत क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं का तकनीकी ऑडिट किया है। इसमें लोक निर्माण विभाग की 18 परियोजनाएं, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 5, सिंचाई विभाग की 4, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 14, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम की 3, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 3, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की एक, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की 7, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 4, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की एक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 2 परियोजनाएं व विकास एवं पंचायत विभाग की 2 परियोजनाओं का ऑडिट किया गया।

ऑडिट के दौरान साक्ष्यों के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में पाई गई कमियों और गुणवत्ता संबंधी खामियों को दशार्या गया। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा इंगित प्रत्येक कमी को दूर करने के लिए तत्काल सुधारात्मक एवं उपचारात्मक कदम उठाए जाएं।

04 June -26 page 3 6/4/2026 7:58 AM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# 12 जून को गूंजेगा नगर निगम सदन

## विकास से लेकर हाउस टैक्स तक कई मुद्दों पर होगा मंथन

**बैठक**

**शहर के विकास की दिशा तय करने वाले प्रस्तावों पर होगी चर्चा, कई मुद्दों पर गरमा सकता है माहौल**




## लंबे इंतजार के बाद बुलाई गई बोर्ड बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक 12 जून को आयोजित होने जा रही है। लंबे समय से पार्षदों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन की बैठक बुलाने की मांग की जा रही थी। अब नगर निगम प्रशासन ने बैठक की तैयारियां तेज कर दी हैं।

महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शहर के विकास, लंबित परियोजनाओं, वित्तीय मामलों और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार नगर निगम के अधिकारी एजेंडा तैयार करने में जुटे हुए हैं। अगले एक-दो दिनों में एजेंडे को अंतिम रूप देकर सभी पार्षदों और सदन सदस्यों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ नई परियोजनाओं को मंजूरी देने और अधूरे कार्यों को पूरा करने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। नगर निगम के गलियारों में इस बैठक को लेकर काफी हलचल है। कई पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों की सड़क, नाली, जल निकासी, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य स्थानीय समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं निगम प्रशासन भी विभिन्न योजनाओं और प्रस्तावों को सदन से स्वीकृति दिलाने की रणनीति बना रहा है। नगर निगम की 12 जून की बोर्ड बैठक केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि शहर के विकास, वित्तीय प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं की दिशा तय करने वाला मंच साबित हो सकती है। यही वजह है कि पार्षदों से लेकर अधिकारियों और शहरवासियों तक सभी की निगाहें इस बैठक पर टिकी हुई हैं।

### हाउस टैक्स का मुद्दा फिर बन सकता है चर्चा का केंद्र

करंट क्राइम : नगर निगम की हर महत्वपूर्ण बैठक में हाउस टैक्स का विषय प्रमुखता से उठता रहा है। इस बार भी कर निर्धारण, कर वसूली और नागरिकों की शिकायतों से जुड़े मुद्दे सदन में गूंज सकते हैं। कई पार्षद पहले भी हाउस टैक्स से संबंधित विसंगतियों और जनता की परेशानियों को लेकर सवाल उठा चुके हैं। ऐसे में इस विषय पर विस्तृत चर्चा और सुझाव सामने आने की संभावना है।

### निगम की दुकानों और संपत्तियों पर भी हो सकती है चर्चा

करंट क्राइम : नगर निगम की दुकानों के किराए, निगम संपत्तियों के उपयोग और राजस्व बढ़ाने से जुड़े मुद्दे भी एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं। निगम की आय बढ़ाने के लिए नए प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। साथ ही विभिन्न विभागों की वित्तीय स्थिति और आय-व्यय की समीक्षा भी सदन में रखी जा सकती है।

### विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड होगा पेश

करंट क्राइम : बैठक में शहर में चल रही और प्रस्तावित विकास परियोजनाओं का ब्यौरा रखा जा सकता है। इसमें सड़क निर्माण, नालों की सफाई, सीवर व्यवस्था, जलापूर्ति, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। कई पार्षद अधूरे कार्यों को लेकर अधिकारियों से जवाब भी मांग सकते हैं।

### पार्षदों और अधिकारियों के बीच तनातनी का दिख सकता है असर

करंट क्राइम : नगर निगम के भीतर पिछले कुछ समय से कई मुद्दों को लेकर पार्षदों और अधिकारियों के बीच मतभेद की स्थिति देखने को मिली है। कुछ विकास कार्यों, शिकायतों के निस्तारण और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सदन की बैठक में कुछ मुद्दों पर तीखी बहस और नोकझोंक भी देखने को मिल सकती है। हालांकि सभी की नजर इस बात पर होगी कि बैठक से शहर के विकास के लिए क्या ठोस निर्णय निकलते हैं।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कैबिनेट की बैठक में रखा विकास को लेकर प्रस्ताव

## जैसे पीडब्ल्यूडी में लागू हुई हैं नई दरें वैसे ही नगर निगम में भी रखा जाये ध्यान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये विजन है कि विकास का पहिया लगातार चले। विकास विभागों में उलझकर ना रह जाये और विकास की सौगात से हर आदमी को लाभ मिले। बुधवार को लखनऊ में कैबिनेट की बैठक हुई और इस बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गाजियाबाद के विकास को लेकर बात रखी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों तथा खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई है। जिससे कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस विषय को लेकर लखनऊ में नगर विकास मंत्री एके शर्मा, प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव नगर विकास के साथ बैठक में चर्चा हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेशके कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आग्रह किया कि जिस प्रकार लोकनिर्माणविभाग मे संशोधित दरें लागू की गयी हैं उसी प्रकार नगर निगमों में भी नयी दरें शीर्घ लागू की जायें। ताकि सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों में आ रही बाधाये दूर हों और कार्य पुनः पूरी गति से शुरू हो सके। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि मुझे इस बात की प्रशंसा है कि सभी पदाधिकारियों और नगर विकास मंत्री ने इस विकास पर सकारात्मक आश्वास दिया है और जल्द ही आवश्यक निर्णय लेकर इसे नगर निगम में लागू करने की बात कही गयी है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल एक है कि विकास कार्य रूकने नहीं चाहिए और जनता के बेहतर सड़कें तथा सुविधायें समय पर मिलनी चाहिएं। हम लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी जनता के हितों के लिए अग्रसर रहेंगे।

# मई महीने में आग का कहर : 309 घटनाएं, करोड़ों का नुकसान

## दमकल ने बचाई 32 जिंदगियां, आग के कई बड़े हादसे टले

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली के मालवीय नगर में आग की भीषण घटना ने एक बार फिर अग्नि सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी मई माह आग की घटनाओं के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। जिले में पूरे महीने के दौरान आग लगने की 309 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा। हालांकि दमकल विभाग की तत्परता और फायरकर्मियों के साहसिक प्रयासों के चलते कई बड़े हादसे टल गए और 32 लोगों की जान बचाई गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल के अनुसार मई माह में आग की घटनाओं के दौरान विभाग की टीमों ने लगातार आपातकालीन सेवाएं दीं। भीषण गर्मी और 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहे तापमान के बावजूद फायर स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात सायरन बजाते हुए घटनास्थलों पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटे रहे। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि मई महीने में हुई 309 आग की घटनाओं में विभिन्न प्रकार की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, लेकिन राहत की बात यह रही कि पूरे माह के दौरान आग से जुड़ी घटनाओं में केवल एक व्यक्ति की मृत्यु हुई। वहीं बड़ी संख्या में पशु-पक्षियों और जीव-जंतुओं की भी जान गई, लेकिन कई स्थानों पर समय रहते कार्रवाई कर जनहानि को रोका गया।

### 45 डिग्री तापमान में दिन-रात मोर्चे पर डटे रहे फायरकर्मी



करंट क्राइम : दमकल विभाग के आंकड़ों के अनुसार मई माह के दौरान 32 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई गई। इंदिरापुरम, वैशाली, साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, अवंतिका एक्सटेंशन समेत कई स्थानों पर आग की ऐसी घटनाएं सामने आईं, जहां स्थिति बेहद गंभीर थी। फायरकर्मियों ने धुएं और आग से घिरे फ्लैटों, मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों का कहना है कि यदि फायरकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर अंदर न जाते तो कई घटनाएं बड़े जनहानि हादसों में बदल सकती थीं। 45 डिग्री तापमान में दिन-रात मोर्चे पर डटे रहे फायरकर्मी।

### घंटाघर से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक लगातार चुनौती

करंट क्राइम : मई माह में बाजारों, गोदामों, फैक्ट्रियों, मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग लगने की अनेक घटनाएं हुईं। हाल ही में घंटाघर क्षेत्र में दुकान में लगी आग हो या औद्योगिक क्षेत्रों में हुए अग्निकांड, दमकल विभाग को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फायर स्टेशन कोतवाली प्रभारी शेषनाथ यादव समेत जिले के विभिन्न फायर स्टेशनों की टीमें लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी रहीं।

### आग के बढ़ते खतरे ने बढ़ाई चिंता

करंट क्राइम : गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिजली की खराब वायरिंग, शॉर्ट सर्किट, ज्वलनशील सामग्री का असुरक्षित भंडारण और लापरवाही ऐसी घटनाओं की प्रमुख वजह बन रही हैं। ऐसे में दमकल विभाग लोगों से सतर्कता बरतने और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील कर रहा है। सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि फायर सर्विस की प्राथमिकता हर हाल में जनहानि को रोकना है और मई माह के आंकड़े बताते हैं कि विभाग ने सीमित संसाधनों के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाने में सफलता हासिल की है।

# 9.29 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

## बम्हेटा को मिले करीब 2 करोड़ के प्रोजेक्ट



**शिलान्यास**

**महापौर सुनीता दयाल और विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल और विधायक अजीत पाल त्यागी ने बुधवार को शहर में करीब 9 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों में पार्कों का सौंदर्यीकरण, सड़क और नाली निर्माण तथा फुटपाथ सुदृढ़ीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में कई पार्षदों, भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। महापौर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता की ओर से सुझाए गए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि बम्हेटा गांव में पहले जलभराव और खराब सड़कों की समस्या रहती थी, लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि महापौर के सहयोग से गांव के लिए करीब दो करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर हित के विकास कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है और जनता की सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है।

### प्रमुख विकास कार्य

- जे-ब्लॉक पार्क, वार्ड-91 का सौंदर्यीकरण 27 लाख।
- वार्ड-42 में नाली व सड़क निर्माण 36 लाख।
- रघुनाथपुरी एक्सटेंशन में सड़क निर्माण 38 लाख।
- नीतिखंड-द्वितीय पार्क का सौंदर्यीकरण 25 लाख।
- हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन से मेरठ रोड तक फुटपाथ सुदृढ़ीकरण 4.86 करोड़।
- बम्हेटा में सड़क निर्माण कार्य 1.12 करोड़।
- राजेंद्र नगर गोल पार्क का सौंदर्यीकरण 40 लाख।
- घुकना में आरसीसी नाला व सड़क निर्माण 1.12 करोड़।
- बम्हेटा में नाली व सड़क निर्माण 53 लाख।

### बम्हेटा को मिली बड़ी सौगात





करंट क्राइम : बम्हेटा क्षेत्र में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से सड़क और नाली निर्माण के दो प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन परियोजनाओं से जलभराव और आवागमन की समस्याओं में राहत मिलेगी।

### फुटपाथ परियोजना पर सबसे बड़ा खर्च

करंट क्राइम : हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन से राजनगर एक्सटेंशन होते हुए मेरठ रोड तक फुटपाथ सुदृढ़ीकरण परियोजना पर 4.86 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पैदल यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगी।

# सीएम योगी तक पहुंची जब जांच तो आ गई अवैध जमीन पर एक्शन की आंच

## डासना में गरजा बुलडोजर, ग्रामसभा की जमीन से अवैध मदरसा जमींदोज

**बुलडोजर एक्शन**

**राजस्व न्यायालय के आदेश पर एक हेक्टेयर सरकारी भूमि कराई कब्जामुक्त, 1.23 करोड़ की वसूली के आदेश**



## मसूरी, मुरादनगर, भोजपुर, निवाड़ी समेत कई थानों की फोर्स रही तैनात, पुलिस लाइन से भी बुलाया गया अतिरिक्त बल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में शामिल एक अभियान बुधवार को डासना में देखने को मिला। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कल्लूगढ़ी स्थित मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम पर बुलडोजर चलाकर करीब एक हेक्टेयर ग्रामसभा भूमि को कब्जामुक्त कराया। सुबह से ही कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज रही। कई बुलडोजरों और दर्जनों सरकारी वाहनों का काफिला अधिकारियों के साथ डासना पहुंचा तो पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। घंटों चली कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण को ध्वस्त कर प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। गाजियाबाद के डासना क्षेत्र में को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही।

### सीएम के निर्देश पर हुआ बड़ा एक्शन

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए सुबह से ही प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के अनुसार तड़के ही कई बुलडोजरों को खोड़ा क्षेत्र की ओर ले जाया गया था, जिससे अलग-अलग तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि बाद में अधिकारियों का काफिला और बुलडोजर डासना क्षेत्र पहुंचे, जहां पहले से तय कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान खसरा संख्या 1548ख की ग्राम सभा भूमि पर बने मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को ध्वस्त किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार राजस्व अभिलेखों में यह भूमि ग्राम सभा की दर्ज है। जांच में सामने आया कि करीब एक हेक्टेयर भूमि पर सात बड़े कमरे, दो शौचालय, विद्युत कक्ष, टिन शेड तथा अन्य निर्माण कर मदरसा संचालित किया जा रहा था।





### कई थानों की फोर्स रही मौजूद

करंट क्राइम : मसूरी, मुरादनगर, भोजपुर और निवाड़ी समेत कई थाना क्षेत्रों की फोर्स मौके पर तैनात रही। इसके अलावा पुलिस लाइन से भी बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था। वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय मौके पर मौजूद रहे तथा हालात पर लगातार नजर बनाए रखी। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि जनपद में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के विरुद्ध वसूली के साथ-साथ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन के अनुसार मदरसे के संचालक फारूक बेग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और आर्थिक स्रोतों की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

### वसूला जाएगा 1.23 करोड़ रुपये का हर्जाना



करंट क्राइम : इस पूरी कार्रवाई में बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-67 के अंतर्गत वाद संचालित किया गया था। तहसीलदार (न्यायिक) एवं असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी द्वारा पारित आदेश में भूमि से बेदखली के साथ 1.23 करोड़ रुपये हर्जाना वसूलने के निर्देश दिए गए थे। आदेश के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रखी गई।



## संपादकीय

# शांति वार्ता फिर अटकी

एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीद बंधती है और फिर टूट जाती है। यह स्थिति युद्ध शुरू होने के बाद से ही जारी है। पिछले तीन महीने से युद्ध चल रहा है, लेकिन जब शांति वार्ता की बात आती है, तो आमने-सामने और दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रखकर संवाद करने की जरूरत नहीं समझी जाती। अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत किसी सहमति के बिंदु पर नहीं पहुंच रही, तो इसे समझने की जरूरत है। दोनों पक्ष जिस तरह अपनी शर्तों पर अड़े हैं, उससे वैश्विक शांति को तो खतरा है ही, दुनिया भर में ऊर्जा संकट भी गहरा रहा है। गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता स्थगित कर दी है। उसने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर यह कदम उठाया है। यह निराशाजनक ही है कि एक तरफ कूटनीतिक कदम उठाने की बात की जाती है, फिर अचानक हमले की स्थिति पैदा कर दी जाती है। पिछले सप्ताह के आखिर में भी अमेरिका ने ईरान के भीतर कई ठिकानों पर बमबारी की। इसके अलावा, लेबनान पर इजराइल के लगातार हमलों से ईरान नाराज है और वह चाहता है कि ये हमले रोक दिए जाएं। हालांकि यह मुद्दा युद्धविराम की मुख्य शर्तों में शामिल है। मगर सवाल है कि अमेरिका युद्धविराम को ताक पर रखकर खुद को या इजराइल को हमले करने से क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि अगर दोनों पक्ष गंभीरता से कूटनीतिक पहल करते, तो शांति का कोई रास्ता निकल सकता था। मगर जैसे ही बात आगे बढ़ती है, उसमें दबाव बढ़ाने के साथ रणनीतिक शर्तें जोड़ दी जाती हैं। इससे संवाद के पुल गिर जाते हैं। मौजूदा स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर अपना दबदबा बढ़ाने और उसे सख्ती से बंद करने का संकेत दिया है। समझौते की कवायद कई दिनों से चल रही है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा, तो आखिर इसकी क्या वजह है। स्पष्ट है कि एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। बेहतर हो कि अमेरिका और ईरान स्थायी युद्धविराम और शांति की ओर कदम बढ़ाएं। सैन्य टकराव से आखिरकार कोई समस्या हल नहीं होती। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका रूसी तेल पर अपनी छूट को जितनी जल्दी हो सके खत्म करना चाहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे फैसले आखिर में अमेरिकी वित्त विभाग के हाथ में हैं। सीनेट फॉरेन रिलेशंस कमेटी को संबोधित करते हुए रुबियो ने कहा कि छूट जारी रखना ग्लोबल एनर्जी ट्रेड के मौजूदा हालात और अमेरिका की पॉलिसी पर निर्भर करता है।

# रिकवरी की कोशिशों के बाद भी लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 304 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार निचले स्तरों से संभलने के बावजूद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 304 अंक टूटकर 74,346 पर और निफ्टी 23,450 के नीचे आ गया है। बुधवार को शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली इसका मुख्य कारण रही। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार को प्रभावित किया।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक या 0.41 फीसदी गिरकर 74,346.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,157.24 अंक या 1.55 फीसदी तक गिरकर 73,492.60 पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.95 अंक या 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 23,405.60 पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को बाजार में चार दिन की गिरावट का सिलसिला टूटा था। उस दिन सेंसेक्स 382.50 अंक और निफ्टी 100.95 अंक की बढ़त के साथ बंद हुए थे।

सेंसेक्स की तीस कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 8.43 फीसदी गिरी। टेक महिंद्रा 6.23 फीसदी, एचसीएल टेक 5.25 फीसदी और इंफोसिस 3.82 फीसदी नीचे आए। आईटीसी, एटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस भी नुकसान में रहे। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट लाभ में रहे।

**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेश :** वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड तीन फीसदी उछल गया। यह 98.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 8,362.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। यह जानकारी एक्सचेंज के आंकड़ों से मिली है। हरिप्रसाद के, रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक, लाइवलांग वेल्थ ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजार में अस्थिरता रही। भू-राजनीतिक चिंताओं और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने बाजार पर दबाव डाला।

### आईटी शेयरों में तेज गिरावट

हरिप्रसाद के ने बताया कि दिन की मुख्य खबर आईटी शेयरों में तेज गिरावट थी। तीन दिन की मजबूत रैली के बाद इस क्षेत्र में मुनाफावसूली देखी गई। निवेशकों ने वैश्विक प्रौद्योगिकी वृद्धि की उम्मीदों का पुनर्मूल्यांकन किया। इससे आईटी शेयरों में भारी बिकवाली हुई। यह बिकवाली बाजार की गिरावट का एक बड़ा कारण बनी। कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयर काफी नीचे आ गए।

### अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि का प्रस्ताव

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने 54 देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। इनमें भारत भी शामिल है, जिन पर 12.5 फीसदी शुल्क लगेगा। यह प्रस्ताव जबरन श्रम से बने सामानों के आयात पर रोक लगाने में विफलता के कारण है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने 60 देशों के खिलाफ जांच शुरू की थी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर ने इसे अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी श्रमिकों को असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

# जिसके आड़ में दोबारा टैरिफ लगाने की फिराक में है वर, बन रही 60 देशों की लिस्ट




**नई दिल्ली।** अमेरिका 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 301 के तहत भारत समेत 60 देशों की व्यापार नीतियों की जांच कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का कहना है कि कई देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार में बाधा पैदा करती हैं और 54 देश जबरन श्रम से बने उत्पादों के निर्यात पर प्रभावी रोक लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिका भारत समेत 60 देशों के खिलाफ नए व्यापारिक कदम उठा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (वरळफ) ने संकेत दिया है कि 1974 के अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 301 के तहत चल रही जांच के नतीजे आने वाले हफ्तों में जारी किए जाएंगे। जांच में दक्षिण कोरिया, चीन, जापान और भारत सहित 70 से अधिक देशों की व्यापार नीतियों की समीक्षा की जा रही है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर ने कहा कि अगर जांच में अनुचित व्यापारिक प्रथाएं, अत्यधिक उत्पादन क्षमता या जबरन श्रम से जुड़े मामलों की पुष्टि होती है।

### धारा 301 के तहत कैसे तलाशी जा रही है संभावनाएं

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, धारा 301 के तहत यह पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव डालती हैं और अमेरिकी कारोबार में बाधा उत्पन्न करती हैं। वरळफअमेरिका की वह संघीय एजेंसी है जो देश की विदेश व्यापार नीति तैयार करने और व्यापारिक जांच करने के लिए जिम्मेदार है।

बयान में कहा गया है कि भारत समेत 54 देश ऐसे उत्पादों के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिनके निर्माण में जबरन श्रम का इस्तेमाल होने की आशंका रहती है। इस सूची में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, चीन, जापान, सऊदी अरब, सिंगापुर, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हैं।

# इंफ्रास्ट्रक्चर और एविएशन पर बड़ा दांव, 39,290 करोड़ रुपये की छह बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी



**नई दिल्ली।** बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और विमानन क्षेत्र को वित्तीय झटकों से बचाने के लिए कुल 39,290 करोड़ रुपये के छह अहम प्रोजेक्ट्स को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इन नीतिगत फैसलों का सीधा असर देश की एविएशन इंडस्ट्री की बैलेंस शीट, कमर्शियल परिवहन व्यवस्था और राज्यों की इंटर-सिटी कनेक्टिविटी पर पड़ेगा। इस मेगा पैकेज में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए एक विशेष फंड बनाने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने और चार प्रमुख राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को रफ्तार देने पर रणनीतिक फोकस किया गया है।

यह आत्मनिर्भर कोष घरेलू व अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए उपलब्ध रहेगा। यह भारतीय विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ कीमतें स्थिर करेगा।

### एविएशन सेक्टर और पर्यावरण सुरक्षा पर फोकस

कैबिनेट के मौजूदा फैसलों में कुल स्वीकृत बजट का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर विमानन क्षेत्र की स्थिरता और राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण सुधार के लिए रखा गया है।

### एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड

ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाले भारी उतार-चढ़ाव से घरेलू विमानन कंपनियों को बचाने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का 'एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड' स्थापित करने का अहम फैसला किया गया है। एविएशन इंडस्ट्री लंबे समय से ईंधन की अस्थिर लागत से जूझ रही थी। यह फंड एयरलाइंस की परिचालन लागत को स्थिर रखने और मार्जिन को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगा। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतें मार्च 2026 में 60.5 रुपये से बढ़कर मई 2026 में 142 रुपये प्रति लीटर हो गईं। एटीएफ एयरलाइंस की परिचालन लागत का 40 फीसदी है, जिससे एयरलाइंस और तेल विपणन कंपनियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति से निपटने के लिए कैबिनेट ने 10,000 करोड़ रुपये के एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण कोष को मंजूरी दी है। सरकार ने घरेलू परिचालन के लिए एटीएफ की कीमत 75.6 रुपये प्रति लीटर तय की है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि छह महीने के उच्चतम स्तर पर, मई महीने में दिखा जोरदार उछाल



**नई दिल्ली।** मई 2026 में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि छह महीने के उच्चतम स्तर 59.8 पर पहुंच गई। मजबूत मांग, नए ग्राहकों और कम लागत के कारण यह उछाल आया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई रिपोर्ट में रोजगार और भविष्य की उम्मीदों पर भी प्रकाश डाला गया। भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्चतम स्तर 59.8 पर पहुंच गई है। मजबूत मांग, नए ग्राहकों और नए कारोबार में लगातार सुधार से यह उछाल आया है। एक मासिक सर्वेक्षण ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर 59.8 हो गया। यह पिछले नवंबर के बाद से विस्तार की सबसे मजबूत दर को दशार्ता है। 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार और 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दशार्ता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने बताया कि नए कारोबार में लगातार वृद्धि से सेवा क्षेत्र में विस्तार हुआ है। भारत द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बाहरी मांग भी तेजी से बढ़ी है। अप्रैल में तेज गिरावट के बाद इसमें सुधार देखा गया है। इनपुट लागत में कमी से बिक्री कीमतों पर दबाव कम हुआ है। निजी क्षेत्र की कंपनियों को मिले नए ऑर्डर छह महीने में सबसे तेज गति से बढ़े। कुल बिक्री कीमतें जनवरी के बाद से सबसे कमजोर दर से बढ़ीं। रोजगार और लागत का परिदृश्य : भारतीय सेवा कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में और वृद्धि का संकेत दिया। रोजगार सृजन की समग्र दर मजबूत रही। यह लगभग एक वर्ष में दूसरी सबसे तेज दर थी, जो अप्रैल के बाद दर्ज की गई। हालांकि, सात फीसदी से भी कम पैनलिस्टों ने अधिक भर्ती का संकेत दिया। अधिकांश ने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं बताया। कीमतों के मोर्चे पर, सेवा अर्थव्यवस्था में इनपुट कीमतें मई के दौरान रुझान से ऊपर बढ़ती रहीं।

### मांग और कारोबार में वृद्धि

मई के दौरान माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग ने नए कारोबार की वृद्धि को बढ़ावा दिया। कंपनियों ने अपनी गतिविधियों को बढ़ाया और कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि जारी रखी। हालांकि, बाहरी मांग की वृद्धि 2025 के औसत से कम रही। अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में विस्तार फिर भी मजबूत रहा। कंपनियों ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम से लाभ का उल्लेख किया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 1910 में गेंद के मैदान के ऊपर से जाने पर 6 रन दिए गए।
- 1928 में वेस्ट इंडीज की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1932 भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1952 पाकिस्तान की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- ब्रॉयन लारा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाये। 400 इंग्लैंड के खिलाफ।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है।
- वर्ल्ड कप में गेंद का रंग लाल होता था परन्तु 1992 के वर्ल्ड कप में गेंद का रंग सफेद कर दिया गया।
- वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं।
- 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच में खेला गया जिसमे ऑस्ट्रेलिया की जीत हुई।
- 1880 में इंग्लैंड में पहला टेस्ट मैच खेला गया, जिसमे इंग्लैंड की जीत हुई। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया।
- 1889 में साउथ अफ्रीका की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग व्यक्ति - बेटा कैसे हो।
बच्चा - ठीक हूं
बुजुर्ग - पढ़ाई कैसी चल रही है?
बच्चा - बिलकुल आपकी जिंदगी की तरह.!
बुजुर्ग - मतलब?
बच्चा - भगवान भरोसे.!!

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गई
और तू यहीं पर बैठा है'.
बंटू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया।

गटरू- एक किलो शक्कर देना
दुकानदार- ठीक है देता हूं अभी
दुकानदार- और क्या चाहिए
गटरू- कुछ नहीं बस इतना ही दे दो
दुकानदार- हमारे पास सब कुछ मिलता है
गटरू- सरकारी नौकरी लगवा दो फिर...

## 04 06 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



प्रियामणि (अभिनेत्री)



रुद्राक्ष प्रजापति



निकुश पंडित



सुरभि भारती



सुनीता वर्मा



गिरिश कुमार



हार्दिक सूरी



पिंकू बैसोया



प्रवीण अग्रवाल



सतेंद्र यादव



नरेन्द्र कुमार



निखिल त्यागी



शैलेंद्र सिंह चौहान



विक्की शर्मा



योगेश सिंह नेगी



राजीव चौधरी



रिंकू यादव



राजेन्द्र श्रीवास्तव



शशि भूषण बडोनी



मुकुल शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# क्या विश्व कप से पहले बढ़ गई भारत की चिंता

## इंग्लैंड से सीरीज हार ने बढ़ाई मुश्किलें, बैटिंग-बॉलिंग दोनों फेल





**लंदन।** महिला टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारतीय महिला टीम को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में भारत को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। एलिस कैप्सी और हीदर नाइट के बीच 137 रन की शानदार साझेदारी ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को यादगार जीत दिलाई।

टॉनटन में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरूआती तीन ओवरों में ही डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकली के विकेट गंवा दिए। इसके बाद पावरप्ले के अंतिम ओवर में एमी जोन्स भी आउट हो गईं और इंग्लैंड का स्कोर 53/3 हो गया। हालांकि, इसके बाद एलिस कैप्सी और कप्तान हीदर नाइट ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 137 रन की मैच जिताऊ साझेदारी कर टीम को जीत की ओर पहुंचाया।

**हरमनप्रीत का अर्धशतक, लेकिन अंत में धीमी पड़ी भारत की पारी:** इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा 11 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि स्मृति मंधाना को चार्ली डीन ने एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने पावरप्ले में सात चौके लगाकर रनगति बनाए रखी, लेकिन 32 रन बनाकर रन आउट हो गईं। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। जेमिमा अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं और लॉरेन बेल की धीमी गेंद पर बोल्ड हो गईं। हरमनप्रीत ने एक छोर संभाले रखा और नाबाद 56 रन की पारी खेली।

### एलिस कैप्सी की विस्फोटक पारी

एलिस कैप्सी ने सिर्फ 43 गेंदों में 82 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दूसरी ओर, हीदर नाइट ने भी कप्तानी पारी खेलते हुए 42 गेंदों में नाबाद 70 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने स्पिन और तेज गेंदबाजी के खिलाफ लगातार आक्रामक रुख अपनाया, जिससे इंग्लैंड ने मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित कर लिया। कैप्सी के आउट होने तक इंग्लैंड जीत के बेहद करीब पहुंच चुका था। अंततः नाइट ने पारी के दूसरे अंतिम ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

### विश्व कप से पहले मिला अहम सबक

महिला टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू होने जा रहा है और उससे पहले यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण तैयारी साबित हुई। भारत ने श्रृंखला में अच्छी क्रिकेट खेली, लेकिन निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड ने दबाव की स्थिति में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीरीज अपने नाम कर ली।

# अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले बीसीसीआई का बड़ा दांव

## नए स्पिन गेंदबाजी कोच की हुई नियुक्ति



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से पहले बड़ा फैसला लिया है। टीम ने साईराज बहुतुले को टीम का नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले बड़ा दांव खेला है। बीसीसीआई ने साईराज बहुतुले को भारत की सीनियर पुरुष टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट छह जून से मुल्लांपुर में खेला जाएगा। भारत इस मैच में शुभमन गिल की अगुआई में खेलने उतरेगा।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।' भारतीय टीम के साथ उनका पहला दौरा छह जून से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट होगा। वह टेस्ट मैच के दौरान मानव सुथार और हर्ष दुबे जैसे नए खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे।

बहुतुले का करियर

बहुतुले भारत के पूर्व खिलाड़ी रहे हैं और घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों में उनका नाम आता है। भारत ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनका प्रथम श्रेणी करियर करीब दो दशक का रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 6176 रन बनाने के साथ ही 630 विकेट लिए हैं और वह भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर में शामिल रहे हैं।

बहुतुले को कोचिंग का है अनुभव

बहुतुले क्रिकेट करियर के बाद कई टीमों के कोच भी रहे हैं। उन्होंने विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल के मुख्य कोच की भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं बहुतुले आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच भी रह चुके हैं। बहुतुले 2022 में अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के गेंदबाजी कोच रहे हैं और 2024 संस्करण के दौरान भी वह कोचिंग

# अक्तूबर से दिसंबर तक, 40 दिनों में भारत के खिलाफ 12 मैच खेलेगा न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2026/27 घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया है। भारत की पुरुष टीम 22 अक्तूबर से एक दिसंबर 2026 तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी, जहां दोनों देशों के बीच कुल 12 मुकाबले खेले जाएंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने बुधवार को अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र 2026/27 का कार्यक्रम जारी कर दिया। इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण भारत का न्यूजीलैंड दौरा है, जिसे मेजबान देश के इतिहास के सबसे बड़े द्विपक्षीय क्रिकेट दौरों में से एक माना जा रहा है। भारतीय टीम 22 अक्तूबर से एक दिसंबर 2026 तक न्यूजीलैंड में रहेगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुल 12 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच शामिल हैं। करीब 40 दिनों तक चलने वाला यह दौरा पांच प्रमुख शहरों में आयोजित किया जाएगा।

### ब्लैक-कैप्स ने बताया खास मौका

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुख्य मार्केटिंग और कमर्शियल अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने इस दौरे को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, 'यह एक पीढ़ी में एक बार आने वाला मौका है। जब क्रिकेट की बात आती है तो भारत से बड़ा कुछ नहीं है।

हम न्यूजीलैंड के लोगों को ऐसा दौरा देने जा रहे हैं जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। यह सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि दोनों देशों के साझा इतिहास, संस्कृति और बढ़ती दोस्ती का उत्सव होगा।' न्यूजीलैंड सरकार ने भी इस दौरे को समर्थन देने की घोषणा की है। यह समर्थन भारत और न्यूजीलैंड के बीच लगभग 100 वर्षों से चले आ रहे खेल संबंधों को समर्पित बताया गया है।

टी20 सीरीज से होगी शुरूआत

भारत का दौरा पांच मैचों की टी20 सीरीज से शुरू होगा। पहला और दूसरा टी20 क्रमशः 22 और 24 अक्तूबर को क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल में खेले जाएंगे।,

इसके बाद तीसरा टी20 27 अक्तूबर को वेलिंगटन में होगा, जबकि चौथा मुकाबला 30 अक्तूबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। पांचवां और अंतिम टी20 मैच एक नवंबर को हैमिल्टन के सेडन पार्क में आयोजित होगा।

### टेस्ट सीरीज पर रहेंगी निगाहें

दौरे का समापन दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ होगा। पहला टेस्ट 19 से 23 नवंबर तक वेलिंगटन के प्रतिष्ठित बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। दूसरा और अंतिम टेस्ट 27 नवंबर से एक दिसंबर तक क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल में आयोजित होगा।



### भारत बनाम न्यूजीलैंड सीरीज का पूरा शेड्यूल

| तारीख | मुकाबला | स्थान |
|---|---|---|
| 22 अक्तूबर | पहला टी20 | हैगले ओवल, क्राइस्टचर्च |
| 24 अक्तूबर | दूसरा टी20 | हैगले ओवल, क्राइस्टचर्च |
| 27 अक्तूबर | तीसरा टी20 | हेनरी स्टेडियम, वेलिंगटन |
| 30 अक्तूबर | चौथा टी20 | ईडन पार्क, ऑकलैंड |
| 1 नवंबर | पांचवां टी20 | सेडन पार्क, हैमिल्टन |
| 4 नवंबर | पहला वनडे | ईडन पार्क, ऑकलैंड |
| 7 नवंबर | दूसरा वनडे | हेनरी स्टेडियम, वेलिंगटन |
| 10 नवंबर | तीसरा वनडे | सेडन पार्क, हैमिल्टन |
| 13 नवंबर | चौथा वनडे | बे ओवल, टौरंगा |
| 15 नवंबर | पांचवां वनडे | बे ओवल, टौरंगा |
| 19-23 नवंबर | पहला टेस्ट | बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन |
| 27 नवंबर-1 दिसंबर | दूसरा टेस्ट | हैगले ओवल, क्राइस्टचर्च |

### वनडे सीरीज का कार्यक्रम

टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमें पांच मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। पहला वनडे चार नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला सात नवंबर को वेलिंगटन में और तीसरा वनडे 10 नवंबर को हैमिल्टन में होगा। चौथा और पांचवां वनडे क्रमशः 13 और 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई (टौरंगा) के बे ओवल मैदान पर खेले जाएंगे।

## क्या Ro-Ko के साथ खेलने का सपना होगा पूरा

# टीम इंडिया में पहली बार चुने गए हर्ष दुबे ने कही यह बात





**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टीम में चुने गए विदर्भ के ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ खेलना उनके लिए सपने के सच होने जैसा होगा।

युवा खिलाड़ी ने बताया कि बचपन से वह दोनों दिग्गजों को खेलते हुए देखते आए हैं और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में पहली बार चुने गए बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर हर्ष दुबे इन दिनों बेहद उत्साहित हैं। विदर्भ के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले दुबे को चयनकर्ताओं ने उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम दिया है।

रणजी ट्रॉफी 2024-25 में विदर्भ की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दुबे ने 2025 में टीम को विजय हजारे ट्रॉफी का पहला खिताब भी दिलाया था। अब उन्हें भारत की वनडे टीम में मौका मिला है, जहां वह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और गुरनूर बराड़ के साथ तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**रोहित और विराट के साथ खेलना सबसे बड़ा सपना**

हर्ष दुबे ने कहा कि किसी भी युवा क्रिकेटर की तरह उनके लिए भी विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ खेलना एक बड़ा सपना है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप किसी युवा क्रिकेटर से पूछेंगे कि वह इस समय किन खिलाड़ियों के साथ खेलना चाहता है, तो सबसे पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा का नाम आएगा।

मैं उन्हें बचपन से खेलते हुए देखता आया हूं। जब से मैंने क्रिकेट को समझना शुरू किया, तब से वे भारत के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और विश्व क्रिकेट पर राज कर रहे हैं। ऐसे में उनके साथ खेलने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।'

दुबे ने आगे कहा, 'मैं हमेशा चाहता था कि उनके संन्यास लेने से पहले या उनके करियर के अंतिम दौर में कम से कम किसी एक दिग्गज के साथ खेलने का मौका मिले। अगर मुझे उनके साथ एक भी मैच खेलने का अवसर मिला तो वह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा होगा।'

# क्लोस, रोनाल्डो या मेसी... फुटबॉल विश्वकप में सबसे ज्यादा गोल किसने किए

### शीर्ष-सात दिग्गजों की सूची चौंकाएगी









**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून से होगा। इस बड़े टूर्नामेंट से पहले विश्व कप इतिहास के उन सात खिलाड़ियों पर नजर डालना दिलचस्प है, जिन्होंने सबसे ज्यादा गोल दागे हैं। जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस 16 गोल के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं, जबकि लियोनल मेसी और किलियन एमबाप्पे भी शीर्ष पांच में शामिल हैं।

फीफा विश्व कप 2026 की शुरूआत 11 जून से होने जा रही है। फुटबॉल के इस सबसे बड़े मंच पर दुनिया के कई महान खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से अमिट छाप छोड़ी है। गोल करना किसी भी खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है और विश्व कप में लगातार ऐसा कर पाना बेहद कठिन माना जाता है। विश्व कप 2026 में एक बार फिर दुनिया की निगाहें इस रिकॉर्ड पर होगी। खासकर मेसी और एमबाप्पे जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर, जो इस सूची में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

**जर्मनी के दिग्गज फुटबॉलर मिरोस्लाव क्लोस सबसे ऊपर**

जर्मनी के पूर्व स्टार स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोस विश्व कप इतिहास के सबसे सफल गोलस्कोरर हैं। उन्होंने 2002 से 2014 के बीच चार विश्व कप खेले और 24 मैचों में कुल 16 गोल किए। क्लोस ने 2002 और 2006 विश्व कप में पांच-पांच गोल दागे, जबकि 2010 में उनके खाते में चार गोल आए। 2014 में खेले गए अपने अंतिम विश्व कप में उन्होंने दो गोल किए और इतिहास के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने।

**रोनाल्डो नजैरियो का शानदार रिकॉर्ड, क्लोस के सबसे नजदीक**

ब्राजील के पूर्व दिग्गज स्ट्राइकर रोनाल्डो नजैरियो इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। 'द फेनोमेनन' के नाम से मशहूर रोनाल्डो ने 1994 से 2006 के बीच विश्व कप में 19 मैच खेले और 15 गोल किए। 2002 विश्व कप उनके करियर का सबसे यादगार टूर्नामेंट रहा, जिसमें उन्होंने आठ गोल दागे और ब्राजील को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

फ्रांस के जस्टन फोंटेन का नाम विश्व कप इतिहास में एक अनोखे रिकॉर्ड के लिए दर्ज है। उन्होंने 1958 विश्व कप में अकेले 13 गोल किए थे।

### पश्चिम जर्मनी के दिग्गज गर्ड मुलर का भी बेहतरीन रिकॉर्ड

पश्चिम जर्मनी के महान स्ट्राइकर गर्ड मुलर फीफा विश्व कप इतिहास के सबसे सफल गोलस्कोररों में शामिल हैं। उन्होंने सिर्फ दो विश्व कप संस्करणों में हिस्सा लिया, लेकिन अपनी शानदार फिनिशिंग से बड़ा प्रभाव छोड़ा। मुलर ने 1970 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल दागे थे, जबकि 1974 विश्व कप में चार गोल किए। कुल 13 मुकाबलों में 14 गोल करने वाले मुलर लंबे समय तक विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। 1974 विश्व कप फाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ उनका विजयी गोल पश्चिम जर्मनी को चैंपियन बनाने में निर्णायक साबित हुआ था।

### राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारतीय एथलीट के एम दीक्षा डोप जांच में फेल

**नई दिल्ली।** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की रजत पदक विजेता के एम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 27 साल की दीक्षा ने इस साल अप्रैल में सिर्फ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। यह पदार्थ किस तरह का था और उनकी जांच की और जानकारी का पता नहीं चला है।

**फेडरेशन कप में नहीं लिया था हिससा :** एक सूत्र ने कहा, 'हां, यह पुष्टि हो गई है कि वह डोप जांच में विफल हो गई हैं।' दीक्षा ने हाल ही में रांची में हुए फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था जो ग्लास्गो में 2026 राष्ट्रमंडल खेल (23 जुलाई से दो अगस्त) के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य टूनामेंट था। भारतीय खेल महासंघ (एएफआई) ने 13 जून को होने वाली इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के लुधियाना चरण के दौरान अपनी स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालिफिकेशन मानक हासिल करने के लिए योग्य एथलीट को एक और मौका दिया। नाडा के पंजीकृत जांच पूल की एथलीट दीक्षा ने पांच अप्रैल को जयपुर में इंडियन ओपन एथलेटिक्स सीरीज दो में 1500 मीटर रेस जीतने के लिए चार मिनट 25.74 सेकेंड का समय निकाला था।

# जोडर को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में ज्वेरेव ने जगह बनाई; छह साल में पांचवीं बार अंतिम-4 में



**इस साल ज्वेरेव ने यहां पांच मुकाबलों में सिर्फ एक सेट गंवाया है, और अब जब जानिक सिनर और नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, तो ज्वेरेव खुद को अपने पहले ग्रैंड स्लैम का प्रबल दावेदार मान सकते हैं। ज्वेरेव का अगला मुकाबला या तो याकूब मेन्सिक से होगा या फिर जोआओ फोंसेका से होगा।**

**पेरिस।** पिछले साल यहां फाइनल में पहुंचे ज्वेरेव को कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए।

दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह छह साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। ज्वेरेव को कड़ी टक्कर मिली, लेकिन उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

इस टूर्नामेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने और इस सीजन में क्ले कोर्ट पर 19 जीत के साथ सबसे आगे रहने के बावजूद, 19 साल का यह खिलाड़ी पहला सेट जीतने की राह पर लग रहा था, उन्होंने सर्व तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली; लेकिन ज्वेरेव की काबिलियत काम आई, और जर्मन खिलाड़ी ने अगले छह में से पांच गेम जीतकर मैच को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। इसके बाद ज्वेरेव तेजी से 3-3 की बराबरी पर पहुंचे और फिर लगातार चार प्वाइंट्स जीतकर सेट अपने नाम कर लिया।

वहां से ज्वेरेव पूरी तरह हावी हो गए। अपनी पहली सर्व पर 71 प्रतिशत प्वाइंट्स जीतकर और जोरदार फोरहैंड लगाते हुए, उन्होंने दूसरे सेट में 1-1 की बराबरी से लगातार सात गेम जीते और दो सेट की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, 'यह काफी मुश्किल था। पहले सेट में वह लय में थे। मैं बहुत पीछे था और बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था। गेंद उतनी ऊंची नहीं उछल रही थी, इसलिए मुझे थोड़ा ज्यादा सीधा खेलना पड़ा।

मैं आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं टूर्नामेंट में बने रहना चाहता हूं। मैं उन मुकाबलों को जीतना चाहता हूं, जिन्हें मैं (पहले) नहीं जीत पाया था। यही मेरा लक्ष्य है। मुझे लगता है कि आज एक बहुत ही अच्छे खिलाड़ी के खिलाफ मेरा बहुत कड़ा इम्तिहान था। मैं इसमें कामयाब रहा, मैं जीत गया। मैं सेमीफाइनल में पहुंचकर खुश हूं।'

# सिंगापुर ओपन जीतने के दो दिन बाद लगा झटका

## चोटिल हुए सत्विक, चिराग के साथ इंडोनेशिया ओपन में बीच मैच से हटे



**जकार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सत्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को इंडोनेशिया ओपन 2026 के पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। सत्विक के दाएं कंधे में परेशानी आने के बाद भारतीय जोड़ी ने मैच बीच में छोड़ दिया। यह घटना सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के महज दो दिन बाद हुई। अब दोनों खिलाड़ी आगामी विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए रिकवरी और पुनर्वास पर फोकस करेंगे।

भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का इंडोनेशिया ओपन 2026 अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त हो गया। जकार्ता में खेले जा रहे सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीय जोड़ी को चोट के कारण मुकाबले से हटना पड़ा।

मलयेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलते हुए भारतीय जोड़ी 6-11 से पीछे चल रही थी, तभी सात्विक ने अपने दाएं कंधे में दर्द की शिकायत की और मैच रोक दिया। इस सत्र में यह पहला मौका है जब विश्व नंबर-चार भारतीय जोड़ी को चोट के कारण मुकाबला छोड़ना पड़ा।

बीएआई ने जारी किया बयान

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने सात्विक की चोट की पुष्टि करते हुए कहा, 'सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सत्विक की चोट के कारण पॉलीट्रॉन इंडोनेशिया ओपन 2026 से नाम वापस ले लिया है। अब यह जोड़ी आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए रिकवरी और पुनर्वास पर ध्यान देगी। हम सत्विक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और जल्द ही दोनों को कोर्ट पर वापसी करते देखने की उम्मीद करते हैं।'

**सिंगापुर ओपन जीतने के दो दिन बाद लगा झटका:** सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन में शानदार फॉर्म के साथ उतरे थे।

उन्होंने रविवार को सिंगापुर ओपन का खिताब जीतकर लगभग दो साल से चला आ रहा अपना खिताबी सूखा समाप्त किया था। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने फजार अल्फियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को एक घंटे 13 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में हराया था।

### चोट को लेकर पहले ही दी थी चेतावनी

सिंगापुर ओपन जीतने के बाद सात्विक ने खिलाड़ियों के लिए फिटनेस और शरीर की देखभाल के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'चोट सिर्फ मुझे नहीं लगती, किसी भी खिलाड़ी का करियर पूरी तरह परफेक्ट नहीं होता। मैंने महसूस किया है कि आपको अपने शरीर का सम्मान करना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी खेल शैली काफी आक्रामक है, इसलिए कभी-कभी बड़े टूर्नामेंट भी छूट सकते हैं। आपको इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होता है, बड़े टूर्नामेंटों के लिए खुद को तैयार रखना होता है और अपने शरीर को सही तरीके से संभालना पड़ता है।'

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | गुरुवार • 04 जून -2026

# गाजियाबाद आसपास




# 15 जून तक पूरा होगा मकान सूचीकरण

## जनगणना निदेशक ने गाजियाबाद में की प्रगति समीक्षा

### आरडब्ल्यूए, पार्षदों और नागरिकों के सहयोग से तेज होगा जनगणना अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत सरकार की निदेशक जनगणना शीतल वर्मा ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में जनगणना के तहत चल रहे मकान सूचीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समेत जिला प्रशासन और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान जनगणना कार्यों की वर्तमान प्रगति, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। निदेशक जनगणना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 जून तक 30 प्रतिशत, 10 जून तक 70 प्रतिशत और 15 जून तक मकान सूचीकरण का शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि समयसीमा के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता भी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि जनगणना के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में प्रगणक और सुपरवाइजर तेजी से कार्य कर रहे हैं तथा जनप्रतिनिधियों और पार्षदों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। वहीं जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि मकान सूचीकरण की नियमित समीक्षा की जा रही है और नागरिकों को इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

शीतल वर्मा ने अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मकानों पर क्रम संख्या अंकित करने, कार्य के सत्यापन के लिए मकान मालिकों के साथ फोटो लेने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

# डेल्टा कॉलोनी की जल समस्या को लेकर पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने की नगर आयुक्त विक्रम आदित्य मलिक की मुलाकात





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** डेल्टा कॉलोनी में लंबे समय से चल रही पानी की समस्या को लेकर पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। पार्षद ने लेटर पैड पर प्रार्थना पत्र देकर डेल्टा कॉलोनी में पानी की टंकी है जिससे आपूर्ति जलापूर्ति सुचारु कराने की मांग रखी। नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जलकल के जीएम को फोन किया। उन्होंने कहा, ह्ववार्ड 97 के पार्षद भगवान अग्रवाल मेरे पास बैठे हैं। डेल्टा कॉलोनी में पानी की समस्या है। पत्र भेज रहा हूं, इसका शीघ्र समाधान करें।ह्व नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से काम शुरू किया जाए। पार्षद भगवान अग्रवाल ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश का असर तुरंत दिखा। गुरुवार को नगर निगम के एई शेषमणि खुद उनके घर पहुंचे और कॉलोनी की टंकी का निरीक्षण किया। दूसरी टंकी लगाने के लिए स्थल देखा गया ताकि जलापूर्ति बढ़ाई जा सके। पार्षद ने कहा कि वे इस कार्य के लिए पूरी तरह प्रयासरत हैं और उम्मीद है कि जल्द सफलता मिलेगी। उन्होंने नगर आयुक्त का आभार जताते हुए कहा कि प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेकर अधिकारियों को तुरंत निर्देश देना सराहनीय है।

स्थानीय निवासियों ने भी राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि गर्मी में पानी की किल्लत से रोज परेशानी होती थी। नई टंकी लगने और जलापूर्ति दुरुस्त होने से बड़ी राहत मिलेगी। पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने बताया कि डेल्टा कॉलोनी में तीन वर्ड आते हैं जिसमें पानी की टंकी दो ही है जो चंद्रनगर में पानी की टंकी है वह छोटी है एक बड़ी पानी की टंकी बनाई जाए जिससे जल आपूर्ति सुचारू रूप से क्षेत्र में रह सके।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया वार्ड 83 गोल पार्क के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 83 स्थित राजेंद्र नगर के गोल पार्क में सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत पार्क की फुटपाथ का नवीनीकरण, चारदीवारी का प्लास्टर और पूरे परिसर का सौंदर्यीकरण कराया गया है। कार्य की कुल लागत लगभग 40 लाख रुपये है।

इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के हर वार्ड में पार्कों को सुंदर और सुविधायुक्त बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। इससे स्थानीय लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को स्वच्छ वातावरण में टहलने और व्यायाम की सुविधा मिलेगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने महापौर का धन्यवाद करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी कि गोल पार्क का जीर्णोद्धार हो। अब सुंदर पार्क बनने से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर प्रवीण भाटी प्रोफेसर वीरेंद्र कसाना कैलाश चंद शर्मा एचआर गौतम सीताराम इंजीनियर महाराज राकेश डॉक्टर अनिल प्रमोद सिंह अशोक गुप्ता सुनील कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रवासी लोगों ने महापौर और पार्षद का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# 11 दिन की मासूम को बेचने जा रहा था अंतरराज्यीय गैंग

## गाजियाबाद पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

### मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 12 आरोपी गिरफ्तार, 2.90 लाख के नकली नोट और 3 कार बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस और स्वाट टीम ग्रामीण जोन ने मानव तस्करी के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 11 दिन की नवजात बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन कारें और 2.90 लाख रुपये के नकली नोट भी बरामद हुए हैं। डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त करता था और उन्हें मोटी रकम में दूसरे राज्यों में बेच देता था। आरोपियों ने बच्ची की मां को पहले आर्थिक मदद और बच्चे के बेहतर पालन-पोषण का लालच दिया। बच्ची के जन्म के बाद मां का मन बदल गया तो गिरोह की सदस्य पूजा बच्ची को बिना बताए घर से उठाकर ले गई। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रोनिका सिटी क्षेत्र से पूरे गिरोह को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नवजात बच्चों को आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों में बेचने की तैयारी में थे। गिरोह पहले भी कई बच्चों की तस्करी कर चुका है। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक और खौफनाक तरीका सामने आया है। आरोपी बच्चों को खरीदने वाले परिजनों को असली रकम दिखाकर सौदा करते थे, लेकिन भुगतान के समय नकली नोट थमा देते थे। शिकायत के डर और बदनामी की आशंका के कारण अधिकांश पीड़ित पुलिस तक नहीं पहुंचते थे।

पुलिस ने नवजात बच्ची को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मानव तस्करी, अपहरण, धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा

**करंट क्राइम :** एसीपी सिदार्थ ने बताया है कि पूछताछ में पता चला है कि गिरोह का सरगना मनोज उर्फ मोनू पहले भी मानव तस्करी के मामलों में राजस्थान में नामजद रह चुका है। पुलिस अब गिरोह के अन्य नेटवर्क, खरीदारों और पूर्व में बेचे गए बच्चों की जानकारी जुटाने में लगी है। यह कार्रवाई हाल के वर्षों में गाजियाबाद में मानव तस्करी के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

# तेजी से होगा दांतों का उपचार



**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में बच्चों के दांतों का उपचार और प्रभावी ढंग से होगा। संस्थान के दंत रोग विभाग में दो नई डेंटल चेयर जोड़ी गई हैं, जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर चार हो गई है। इसके अलावा पोर्टेबल डेंटल यूनिट और पोर्टेबल एक्स-रे मशीन भी मिली है। नई सुविधाओं के बाद मरीजों को उपचार के लिए कम इंतजार करना पड़ेगा। दंत रोग विभाग की प्रमुख डॉ. अदिति माथुर ने बताया कि कई बार सिंड्रोम ग्रस्त, विकासात्मक समस्याओं वाले या व्यवहार संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे बच्चों को सामान्य एनेस्थीसिया के तहत दंत उपचार की जरूरत होती है। नई मशीनों के जरिए ऐसे मरीजों की जांच प्रक्रिया अधिक सटीक और व्यापक होगी।

# ऑपरेशन क्लीन : इंदिरापुरम में अपराधियों की पुलिस परेड, हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर दिलाई अपराध छोड़ने की शपथ

### डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी ने संभाली कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत बुधवार को इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न गंभीर मामलों में शामिल रहे अपराधियों को थाने बुलाकर उनके वर्तमान निवास, रोजगार और गतिविधियों की जांच की तथा भविष्य में अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार और पुलिस टीम ने लूट, हत्या, स्नैचिंग एवं अन्य आपराधिक मामलों में दर्ज अपराधियों का सत्यापन किया। पुलिस ने पूर्व में शरीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल रहे लोगों की मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा कर उन पर सतत निगरानी रखने की रणनीति बनाई।

### दोबारा किया अपराध, तो नहीं मिलेगी राहत



**करंट क्राइम :** डीसीपी धवल जयसवाल ने कहा कि इस अभियान के दौरान अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि वे दोबारा किसी भी आपराधिक या अवैध गतिविधि में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्हें कानून का पालन करने, आमजन में भय का माहौल न बनाने और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि अपराधियों में पुलिस का डर बना रहे और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हो।

### अपराधियों पर नजर, आमजन को सुरक्षा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन क्लीन के तहत अपराधियों की नियमित निगरानी, सत्यापन और काउंसलिंग की जा रही है। उद्देश्य अपराधियों को मुख्यधारा से जोड़ना और क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।




# रात वाली चेकिंग फिर बनी दिखावा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार अभियान चल रहे हैं। तो बीते लगभग एक सप्ताह से नंबर दो की पोजीशन वाले साहब लोग ऑफिस से ज्यादा फील्ड पर समय दे रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि कभी हत्या के मामले में मेहनत कर रहे हैं, तो खुलासे के लिए जमकर प्रयास हो रहे हैं। तो कभी अभियानों को लेकर पसीना बहाया जा रहा है। कभी सत्यापन वाली कार्रवाई की कमान संभालनी पढ़ रही है। तो कभी ट्रैफिक वाले अधिकारी अलग-अलग अभियान में नजर आ रहे हैं। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि बुलडोजर चलने वाले स्थल पर जिस तरह से अधिकारियों का हुजूम नजर आया है उससे एक वर्ग डरा हुआ बताया जा रहा है। तो इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सूत्र बता रहे हैं की रात को शुरू किया गया चेकिंग अभियान केवल दिखावा बनकर रह गया है। जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है, वह बैरियर के बराबर में मोबाइल पर बिजी रहते हैं। इलाके वाले साहब लोग अब रात में नजर नहीं आ रहे हैं और वैसे भी जब मामला शॉर्ट चल रहा हो तो कहना ही क्या। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों छह थाना प्रभारियों के तबादले हुए थे, उनमें से पांच ने अपने थानाक्षेत्र में रात नहीं गुजरी है। वह अपने या तो पुराने वाले क्षेत्र में सोए हैं या घर पर रात गुजारी है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से देहात वाले एक सर्किल का मामला फंसा हुआ है, इस मामले को लेकर वहां के सर्किल वाले साहब पर बहुत ज्यादा प्रेशर बताया जा रहा है और प्रेशर का नतीजा है कि कभी मामला टाइट हो रहा है। तो बताया जा रहा है कि लखनऊ से वीडियो क्रॉफ्रेसिंग भी कुछ गहरे राज बता रही है। तो सुनने में यहां तक आ रहा है कि एक फटकार लगाई गई थी, उसका भी आने वाली लिस्ट में असर देखने को मिल सकता है। इन सबके बीच जानकारी यह भी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों थ्री-स्टार टॉप पर चल रहे हैं। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों पर उनपर कितनी कृपा बनी रहेगी। कुल मिलाकर रात वाली चेकिंग वाला अभयान केवल फोटो सेशन तक सीमित होकर रह गया है। अधिकारी चाहे तो वह किसी भी रात साहब के इलाके वाले प्वाइंट की जांच कर सकते हैं।




# सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन 2760 कर्मियों को पक्का करने की मांग





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम गाजियाबाद के सफाई कर्मचारियों ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर निगम परिसर में भारी संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को सौंपा गया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से समान कार्य के लिए समान वेतन, 10 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके 2760 सफाई कर्मचारियों का विनियमितीकरण (पक्का करना), मानकों के अनुरूप 3000 नए सफाईकर्मियों की भर्ती, क्लर्क स्तर के कर्मियों की वेतन वृद्धि और सफाई कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

कार्यक्रम का नेतृत्व शक्ति जीनवाल, संजय टांग, कालीचरण वाल्मीकि, प्रवीण गहलोत, नीरज और शनि जॉनी वाल्मीकि ने किया। इस मौके पर कर्मचारियों ने भाजपा महानगर महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि को भी ज्ञापन सौंपा, जिन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के सहयोग से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस विषय पर चर्चा कर समाधान करवाएंगे। इस अवसर पर अमित वाल्मीकि, राजेंद्र चौहान, अजय देवगन, रवि गहलोत, सीमा वाल्मीकि, सफाई नायक कालीचरण, सोनू निगम, विकास दीवान और गुलशन चढ़ा सहित भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किशोरी का सुराग नहीं, कोतवाली पहुंचे हिंदू संगठन



**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 28 मई से लापता 15 वर्षीय किशोरी का अब तक सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी पीड़ित परिवार के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस से किशोरी की शीघ्र बरामदगी की मांग की। इस बीच किशोरी और एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचार्एं चल रही हैं।

परिजनों का आरोप है कि शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिवार ने रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। किशोरी के लापता होने से परिजन परेशान हैं और लगातार उसकी सकुशल वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर किशोरी को जल्द बरामद करने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि मामला किशोरी से जुड़ा है, इसलिए पुलिस को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। जिला प्रमुख सौरभ चौहान ने बताया कि संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षाविद् तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी डा. रामअवतार जिंदल हमेशा समाज से लेकर राजनीति तक अपनों की हर खुशी में शामिल रहते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा मुख्य प्रवक्ता अरूण राजभर के सुपुत्र अद्विक राजभर के प्रथम जन्मदिन पर उन्होंने बधाई और शुभकामनायें दीं। डा. रामअवतार जिंदल ने अद्विक के उत्तम स्वास्थ, दीर्घ आयु, सुख स्मृद्धि तथा उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। अपनों की खुशी , अपनों का प्यार और शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद वाली यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## तिब्बत में चीन के अत्याचारों की जांच करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने एक नया बिल पेश किया है। इस बिल के तहत अमेरिकी विदेश विभाग को यह तय करना होगा कि क्या चीन ने तिब्बत के लोगों के खिलाफ नरसंहार या मानवता के खिलाफ अपराध किए हैं।

एक साल के अंदर रिपोर्ट पेश करना होगा: यह बिल न्यू जर्सी के रिपब्लिकन प्रतिनिधि क्रिस स्मिथ और न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट सांसद टॉम सुओजी ने मंगलवार को पेश किया। अगर यह पास हो जाता है, तो विदेश मंत्री को एक साल के अंदर कांग्रेस को एक रिपोर्ट देनी होगी, जिसमें चीन की तिब्बत में की गई गतिविधियों का आकलन होगा। यह बिल सीनेट में पहले से पेश किए गए एक दूसरे बिल का ही हाउस वर्जन है। अगर यह कानून बन जाता है, तो अमेरिकी विदेश विभाग को यह जांच करनी होगी कि क्या चीनी अधिकारियों ने तिब्बतियों के खिलाफ मनमानी हत्याएं, गंभीर शारीरिक या मानसिक नुकसान, अमानवीय जीवन स्थितियां, जबरन विस्थापन, बड़े पैमाने पर हिरासत में लेना, जबरन नसबंदी और गर्भपात, और तिब्बती बच्चों को उनके परिवारों और समुदायों से अलग करने जैसे अत्याचार किए हैं।

# यूएस के साथ जंग में ईरान की अनोखी रणनीति

## सूचना युद्ध से दुनिया को दिए पांच बड़े संदेश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका भले ही दावा कर रहा है कि उसने ईरान की सेना को तबाह कर दिया है, लेकिन सूचना युद्ध में ईरान, अमेरिका और इस्राइल पर भारी पड़ा है। ईरान ने अपने खास होर्डिंग्स से ऐसे संदेश दिए हैं, जिनकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। आइए जानते हैं कि ईरान ने अपनी कौन सी खास रणनीति के दम पर सूचना युद्ध में महाशक्ति अमेरिका को भी पछाड़ दिया।

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद तेहरान की सड़कों पर लगे विशाल होर्डिंग्स और बिलबोर्ड्स दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गए हैं। पारंपरिक मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इससे पता चलता है कि आज युद्ध कितने बदल गए हैं और सूचना युद्ध किस तरह से जंग के नतीजों को प्रभावित करने की ताकत रखता है। ईरान में सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग्स के ज़रिए राजनीतिक संदेशों देने की प्रथा कोई नई बात नहीं है। 1979 की इस्लामी क्रांति और विशेष रूप से ईरान-इराक युद्ध के बाद से ईरानी सरकार ने क्रांतिकारी प्रतीकों, युद्ध स्मारकों और वैचारिक संदेशों को प्रदर्शित करने के लिए होर्डिंग्स और पोस्टर्स का व्यापक इस्तेमाल किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, आज के दौर में ये बिलबोर्ड केवल स्थानीय जनता के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक डिजिटल दर्शकों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं।



### प्रचार और मनोवैज्ञानिक युद्ध का नया माध्यम

विशेषज्ञों का मानना है कि तेहरान के ये विशाल बिलबोर्ड केवल सड़क किनारे लगाए गए विज्ञापन नहीं हैं, बल्कि आधुनिक सूचना युद्ध और मनोवैज्ञानिक रणनीति का हिस्सा हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया जाता है कि लोग उनकी तस्वीरें लें, सोशल मीडिया पर साझा करें और संदेश वैश्विक स्तर तक पहुंचे। यही वजह है कि आज ईरान के ये होर्डिंग्स स्थानीय प्रचार से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक संदेश और प्रतीकात्मक शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बन चुके हैं।

**1. एपस्टीन मिसाइल**

हाल के महीनों में सबसे अधिक चर्चा में रहने वाले बिलबोर्ड्स में से एक में ईरानी मिसाइलों पर हाथ से लिखे गए संदेश और प्रतीकात्मक वाक्य दिखाई दिए। इनमें सबसे प्रमुख संदेश है— 'मिनाब की बेटियों के नाम'। यह युद्ध के शुरुआती दिनों में एक लड़कियों के स्कूल पर हुए हमले की ओर संकेत माना जाता है, जिसमें ईरानी अधिकारियों के अनुसार बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों की मौत हुई थी।

**2. मास्टर्स ऑफ वॉर**

एक अन्य चर्चित बिलबोर्ड में फारसी भाषा में लिखा है, 'अगर तुम युद्ध चाहते हो, तो हम युद्ध के उस्ताद हैं।' इसके साथ हिब्रू भाषा में इस्राइल को लेकर एक उग्र संदेश भी दिया गया है। चित्र में इस्राइल के ऊपर आसमान में बड़ी संख्या में आती मिसाइलें दिखाई गई हैं, जो मानो आग की बारिश जैसी प्रतीत होती हैं।

**3. ट्रंप का सिला हुआ मुंह**

एक अन्य द्विभाषी बिलबोर्ड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चेहरे को दर्शाया गया है, जिसमें उनके मुंह पर होर्मुज जलडमरूमध्य की आकृति को टांकों से सिला हुआ दिखाया गया है। इसके साथ अंग्रेजी में 'द ब्रेकिंग पॉइंट' यानी 'टूटने की सीमा' लिखा गया है।

**4. अरश-धनुर्धर**

एक अन्य बिलबोर्ड में प्राचीन फारसी लोककथा के नायक अरश धनुर्धर को युद्धभूमि में तीर चलाने की तैयारी करते हुए दिखाया गया है। उसके चारों ओर आधुनिक मिसाइलें दिखाई गई हैं। फारसी मिथक के अनुसार, अरश ने अपने देश की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था।

**5. मछुआरे**

एक अन्य बिलबोर्ड में फारस की खाड़ी के ऊपर फैले एक विशाल मछली पकड़ने के जाल को दिखाया गया है, जिसमें अमेरिकी लड़ाकू विमान, ड्रोन और नौसैनिक जहाज फंसे हुए नजर आते हैं। इसके साथ फारसी भाषा में लिखा है, 'पूरी फारस की खाड़ी हमारा शिकार क्षेत्र है।' यह संदेश फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के प्रभाव और निगरानी क्षमता को दर्शाने का प्रयास करता है।

## अमेरिका में हिंदुओं से घृणा व मंदिरों पर हमलों के निंदा प्रस्ताव को समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के प्रमुख भारतवंशी सांसद रो खन्ना ने प्रतिनिधि सभा (निचले सदन) के उस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था के भीतर हिंदू-अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। इसमें हिंदुओं के प्रति घृणा, हिंदू-विरोधी कट्टरता तथा समुदाय के पूजा स्थलों पर हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव मिशिगन से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद श्री थानेदार ने पेश किया। पिछले साल 24 जनवरी को लाए गए इस प्रस्ताव को अब तक राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम सहित 32 सांसद सह-प्रायोजित कर चुके हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद खन्ना ने एक पोस्ट में प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। वह बोले, मुझे थानेदार के प्रतिनिधि सभा में पेश प्रस्ताव संख्या 69 को सह-प्रायोजित करने पर गर्व है। प्रस्ताव में अमेरिका में बढ़ती हिंदुओं के प्रति घृणा, हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और असहिष्णुता की निंदा करते हुए कहा गया है कि देश में



सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू-अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों को लेकर रूढ़ धारणाओं तथा दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है।

हिंदू विश्व के प्राचीन धर्मों में एक प्रस्ताव में कहा गया कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है तथा 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से अधिक हिंदू हैं। इसमें कहा गया है कि हिंदू धर्म में विविध परंपराएं और आस्था प्रणालियां समाहित हैं जिनमें स्वीकार्यता, परस्पर सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्य निहित हैं।

# रिश्वतखोर आबकारी सिपाही

# 50 मीटर दौड़कर भी नहीं बच सका

### एंटी करप्शन टीम ने 6 हजार रुपये लेते रंगे हाथ दबोचा, देसी शराब ठेकेदार से हर महीने वसूल रहा था घूस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर में बुधवार को एंटी करप्शन टीम ने आबकारी विभाग के एक सिपाही को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी सिपाही ने टीम को चकमा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन करीब 50 मीटर तक पीछा करने के बाद उसे दबोच लिया गया। कार्रवाई के बाद आरोपी को मोदीनगर थाने लाकर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।



जानकारी के अनुसार, मोदीनगर क्षेत्र के सिहानी गांव निवासी भीम सिंह भोजपुर थानाक्षेत्र के तहलेटा गांव में देसी शराब का ठेका संचालित करते हैं। आरोप है कि आबकारी विभाग में तैनात सिपाही जगत सिंह पिछले चार महीनों से उनसे हर माह 6 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। रुपए नहीं देने पर चालान काटने और ठेका बंद कराने की धमकी दी जाती थी। पीड़ित ने पहले आबकारी विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद करीब 10 दिन पहले उन्होंने मेरठ एंटी करप्शन संगठन से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत के सत्यापन के बाद निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम गठित की गई और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई।

बुधवार को मोदीनगर तहसील परिसर स्थित आबकारी कार्यालय के पास शिकायतकर्ता ने तय योजना के तहत आरोपी सिपाही को 6 हजार रुपये दिए। जैसे ही उसने रुपये लिए, पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे पकड़ लिया। खुद को घिरा देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे धर दबोचा। एंटी करप्शन अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## जिसके आड़ में दोबारा टैरिफ लगाने की फिराक में है यूएस

**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत समेत 60 देशों के खिलाफ नए व्यापारिक कदम उठा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने संकेत दिया है कि 1974 के अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 301 के तहत चल रही जांच के नतीजे आने वाले हफ्तों में जारी किए जाएंगे। जांच में दक्षिण कोरिया, चीन, जापान और भारत सहित 70 से अधिक देशों की व्यापार नीतियों की समीक्षा की जा रही है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (वरळफ) जैमीसन ग्रीयर ने कहा कि अगर जांच में अनुचित व्यापारिक प्रथाएं, अत्यधिक उत्पादन क्षमता या जबरन श्रम से जुड़े मामलों की पुष्टि होती है, तो अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव ला सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, धारा 301 के तहत यह पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव डालती हैं और अमेरिकी कारोबार में बाधा उत्पन्न करती हैं।

## घंटाघर पर कांग्रेस की भूख हड़ताल पुलिस ने रोकी, कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महंगाई और जनसमस्याओं के खिलाफ गाजियाबाद के घंटाघर पर आयोजित कांग्रेस के भूख हड़ताल कार्यक्रम को पुलिस प्रशासन ने शुरू होने से पहले ही रोक दिया। पुलिस बल ने महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय की घेराबंदी कर नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने नहीं दिया। हालांकि, इसके बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने कार्यालय परिसर के भीतर ही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### कार्यालय के गेट पर ही भिड़ी पुलिस

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जैसे ही कांग्रेस के महानगर उपाध्यक्ष दिनेश कांत मेहता, महानगर महासचिव यश कौशिक और महानगर उपाध्यक्ष सूर्यकांत के नेतृत्व में कार्यकर्ता घंटाघर की ओर बढ़ने लगे, पुलिस ने उन्हें कार्यालय के मुख्य गेट पर ही रोक लिया। प्रशासन द्वारा आगे बढ़ने की अनुमति न मिलने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई।

कार्यालय परिसर बना विरोध का केंद्र घंटाघर जाने से रोके जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणनीति बदलते हुए कार्यालय परिसर के भीतर ही अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से बैठकर महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता से जुड़े स्थानीय मुद्दों को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं का बयानः प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाकर हमारे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण कार्यक्रम को असफल बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। पुलिस हमें घंटाघर जाने से रोक सकती है, लेकिन जनता की आवाज उठाने से नहीं रोक सकती।

वरिष्ठ नेताओं की रही मौजूदगी

इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर सिंह जाटव ने की। इस दौरान जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, मोहम्मद कासिम, शमसुद्दीन सैफी, रामप्रसाद कश्यप, सुनील शुक्ला, एडवोकेट चंद्रपाल, राजेश कुमार, लक्ष्मण सिंह, बबली सिंह, बाबूराम शर्मा, श्रीचंद दिवाकर, अब्दुल कादिर, सुबोध शर्मा, हाफिज सलमानी, आशुतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अरुण गौतम, सुनील दत्त कर्दम, जगतार भट्टी, शशि भूषण शर्मा, पवन शर्मा, चमन लाल दिवाकर, विनोद चौहान, सतपाल चौहान एवं हर्षवर्धन सूर्या सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्या एक और हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका

## रूबियो का आरोप- यूएस के खिलाफ गतिविधियों का केंद्र बना क्यूबा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री का कहना है कि क्यूबा, अमेरिकी विरोधी गतिविधियों का केंद्र बन गया है। रूबियो ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि क्यूबा, चीन-रूस की खुफिया गतिविधियों का केंद्र बन गया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं।



**क्यूबा का आर्थिक मॉडल टूट चुका है':** रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है। उनके मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अब नागरिक संस्थाओं के बजाय सेना से जुड़े संगठनों के नियंत्रण में है। उनके अनुसार, सेना की ओर से नियंत्रित संस्थाओं के पास काफी संपत्तियां होने के बावजूद क्यूबा लंबे समय से ईंधन और बिजली की भारी कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो दशकों में बड़ी संख्या में लोग क्यूबा छोड़कर चले गए हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है और कुशल लोगों की संख्या भी कम हो गई है।

**'अमेरिकी विरोधी गतिविधियों का केंद्र बना क्यूबा'**

रूबियो का कहना है कि चीन और रूस के साथ क्यूबा के रणनीतिक संबंध, अमेरिका की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा हैं। उन्होंने कहा, 'चीन और रूस, क्यूबा से अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी हिस्से को निशाना बनाकर खुफिया जानकारी जुटा रहे हैं।' रूबियो ने कहा कि ऐसी गतिविधियों की रिपोर्टें कई बार सामने आ चुकी हैं। उन्होंने क्यूबा को खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और क्षेत्र में राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला एक केंद्र बताया। उनके अनुसार, क्यूबा का लंबे समय से ऐसे समूहों और आंदोलनों से संबंध रहा है जो लैटिन अमेरिका में अमेरिका-समर्थक सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश करते रहे हैं।

# थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा को मिली शाही माफी

## पैरोल खत्म होने से पहले ही मिल गई रिहाई

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा ने शाही माफी मिलने के बाद अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियां पूरी कर ली हैं। उनकी पैरोल समय से पहले समाप्त कर दी गई। 76 वर्षीय नेता 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री रहे थे और सैन्य तख्तापलट के बाद लंबे समय तक निर्वासन में रहे थे।

थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा ने बुधवार को अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियों को औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। शाही माफी मिलने के बाद उनकी चार महीने की पैरोल समय से पहले खत्म कर दी गई।

दो दशकों से अधिक समय तक थाई राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे 76 वर्षीय अरबपति और लोकप्रिय नेता को पिछले महीने बैंकॉक की जेल से रिहा किया गया था। तब से



इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा फिएउ थाई पार्टी पर अपना मजबूत प्रभाव जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनके परिवार ने कहा है कि वह राजनीति से पीछे हटना चाहते हैं।

### थाईलैंड के राजा ने दी शाही माफी

थाईलैंड के राजा महा वाचिरालोंगकोन द्वारा जारी किया गया माफी आदेश मंगलवार देर रात रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ। यह बुधवार को प्रभावी हो गया। थाईलैंड एक सांविधानिक राजशाही है, जिसमें राजा को दोषी अपराधियों की माफी पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार है। थाकसिन पूर्ण रिहाई के लिए योग्य थे, क्योंकि उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया था और उनकी सजा में एक वर्ष से कम का समय बचा था।

### सैन्य तख्तापलट के बाद निर्वासन में रहे

थाकसिन एक दूरसंचार दिग्गज थे, जिन्होंने 1998 में अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, जब एक सैन्य तख्तापलट ने उन्हें विदेश में रहते हुए सत्ता से बेदखल कर दिया था।

### भ्रष्टाचार के आरोपों में मिली थी सजा

थाकसिन को भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों के लिए एक साल की सजा के आठ महीने काटने के बाद 11 मई को रिहा किया गया था। उनकी पैरोल की शर्तों के तहत, उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक निगरानी ब्रेसलेट पहनना आवश्यक था और मूल रूप से उन्हें चार महीने की पैरोल पर रहने का कार्यक्रम था। शिनावात्रा के वकील ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि थाकसिन अपने कानूनी दायित्वों से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके ब्रेसलेट को हटाने के लिए कुछ प्रक्रियाएं हैं, जिनमें कई दिन लग सकते हैं। उन्हें अपने स्वयं के व्यावसायिक हितों को लाभ पहुंचाने के लिए अपने पद का इस्तेमाल करने और सरकार को नुकसान पहुंचाने वाली एक राज्य लॉटरी परियोजना को अवैध रूप से मंजूरी देने से जुड़े आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल भेजा गया था।

शिनावात्रा के सत्ता से बेदखल होने के लगभग दो दशकों तक राजनीतिक ध्रुवीकरण जारी रहा। हालांकि उनके स्वनिर्वासित काल में भी उनसे जुड़े दल बार-बार सत्ता में लौटते रहे। उनकी लोकलुभावन नीतियों को गरीब मतदाताओं (विशेष रूप से ग्रामीण उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में) का भरपूर समर्थन मिला। लेकिन उनकी लोकप्रियता और कभी-कभी उनके कठोर रवैये ने उनके समर्थकों और देश के शहरी अभिजात वर्ग, राजशाही समर्थकों और सेना के बीच गहरी दरारें पैदा कर दीं।

**आठ साल की सजा को राजा ने किया एक साल, अब मिली शाही माफी**

उन्हें मूल रूप से 2023 में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन राजा द्वारा सजा को एक साल तक कम कर दिया गया था। उन्हें चिकित्सा आधार पर बैंकॉक के पुलिस अस्पताल के एक कमरे से इसे पूरा करने की अनुमति दी गई थी।

# अब विदेश यात्रा नहीं कर पाएंगे पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे, कोर्ट ने लगाई रोक

**कोलंबो।** श्रीलंका की अदालत ने 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के चलते पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे समेत कुछ पूर्व सैन्य अधिकारियों की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि इनके देश छोड़ने से जांच प्रभावित हो सकती है। मामले में पूर्व खुफिया प्रमुख सुरेश सल्ले को भी संदिग्ध मानकर हिरासत में रखा गया है।



### गोटाबाया राजपक्षे पर क्या आरोप हैं

पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटाबाया राजपक्षे ने बम धमाकों के कुछ समय बाद राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने नवंबर 2019 का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया था। जांचकर्ताओं का आरोप है कि ईस्टर हमलों का इस्तेमाल ऐसा असुरक्षा का माहौल बनाने के लिए किया गया हो सकता है, जिससे गोटाबाया राजपक्षे के चुनाव अभियान को फायदा मिला। हालांकि, कोर्ट में अब तक ऐसा कोई आरोप साबित नहीं हुआ है।

श्रीलंका की एक कोर्ट ने 2019 के ईस्टर आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और दो पूर्व सैन्य अधिकारियों के विदेश यात्रा करने पर रोक लगा दी है। कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट अदालत ने यह आदेश आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की ओर से दायर याचिका पर विचार करने के बाद दिया। सीआईडी 21 अप्रैल 2019 को हुए आत्मघाती बम धमाकों की जांच कर रही है। इन धमाकों में देशभर के चर्चों और लग्जरी होटलों को निशाना बनाया गया था। हमलों में 11 भारतीयों समेत 270 लोगों की मौत हुई थी।

यह यात्रा प्रतिबंध सेना के कर्नल मोहम्मद अंसार और पूर्व खुफिया अधिकारी प्रेमानंद उदालागामा उर्फ सिल्वा पर भी लागू होगा।

मजिस्ट्रेट पसान अमरसेकरा ने यह आदेश उस समय जारी किया, जब राज्य की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख सुरेश सल्ले से जुड़े मामले की सुनवाई अदालत में हुई। सुरेश सल्ले को इस मामले में संदिग्ध माना गया है। हमलों के कथित मुख्य साजिशकर्ता का पता लगाने की जांच के तहत उन्हें 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल उन्हें हिरासत में रखा गया है। हमले के समय सल्ले विदेश में एक राजनयिक पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2015 से पहले महिंदा राजपक्षे सरकार के दौरान वह राज्य खुफिया सेवा के प्रमुख रह चुके थे। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि यदि गोटाबाया राजपक्षे और दोनों सैन्य अधिकारी देश छोड़कर चले जाते हैं, तो चल रही जांच प्रभावित हो सकती है।

जुलाई 2022 में श्रीलंका के कई दशकों के सबसे गंभीर आर्थिक संकट के दौरान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद गोटाबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उनके आलोचकों ने उनकी सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। गोटाबाया राजपक्षे ने बम धमाकों से जुड़ी किसी भी साजिश में शामिल होने के आरोपों से बार-बार इनकार किया है।

### किसने किए थे हमले?

ईस्टर हमले स्थानीय इस्लामी चरमपंथी संगठन नेशनल तौहीद जमात ने किए थे, जिसका संबंध आईएसआईएस से बताया गया था। हमलावरों ने कोलंबो और देश के अन्य हिस्सों में स्थित तीन चर्चों और तीन लग्जरी होटलों को निशाना बनाया था। इस हमले ने श्रीलंका की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया था। उस समय राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगा था कि भारत की ओर से संभावित आतंकी हमले की पहले से दी गई खुफिया चेतावनियों के बावजूद उसने हमलों को रोकने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं की। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली मौजूदा नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने 2024 के अंत में ईस्टर आतंकी हमले की जांच फिर से शुरू की थी। सरकार का कहना है कि पहले राजनीतिक प्रभाव के कारण मामले को दबाने की कोशिश की गई थी।

# ईरानी ड्रोन हमले में कुवैत के हवाई अड्डे को भारी नुकसान, उड़ानें निलंबित, कई घायल

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया संघर्ष एक बार फिर से गहराने के आसार नजर आने लगे हैं। ईरान की ओर से मंगलवार की देर रात से कई घंटों तक कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए। वहीं, अमेरिका ने भी जवाबी हमले में केश्म द्वीप पर आईआरजीसी के एक सैन्य केंद्र को निशाना बनाया है। वहीं, ईरान के हमलों में कुवैत के हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने बुधवार को कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कई मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। इन हमलों में कुवैत के हवाई अड्डे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि देश के हवाई अड्डे पर एक ईरानी ड्रोन हमले के बाद वाणिज्यिक उड़ानों को निलंबित कर दिया है। इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं।



**ईरान पर अंतरराष्ट्रीय नियम तोड़ने का आरोपः** मामले में कुवैत विदेश मंत्रालय ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के जरिए लगातार हमले किए जा रहे हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। मंत्रालय के अनुसार तड़के हुए इस हमले में एयरपोर्ट समेत कई महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों और राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा।

कुवैत ने इन हमलों को आक्रामक और अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है।

कुवैत सरकार ने कहा कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा रेड लाइन है और इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने संकेत दिया कि वह जवाबी कदमों पर विचार कर रही है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि हमले के बाद आपातकालीन सेवाओं और मेडिकल टीमों को तुरंत सक्रिय किया गया। घायलों का इलाज जारी है। इस हमले में इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा और कई व्यक्तियों को चोटें आई हैं।

**ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बरसाई मिसाइलें**

यह ड्रोन हमला ईरान और अमेरिका के बीच मंगलवार देर रात हुए मिसाइल हमलों के बाद हुआ। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान द्वारा कुवैत और बहरीन पर दागी गई मिसाइलों के जवाब में केश्म द्वीप पर एक ईरानी सैन्य सुविधा पर हमले किए थे।

04 June -26 page 8 03-06-26 10:27 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# 5 जून से सजेगा क्रिकेट का महामंच, गाजियाबाद प्रीमियर लीग का भव्य आगाज

## डेढ़ सौ खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर, प्रवीण कुमार और निधिपति सिंघानिया करेंगे उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे




### थर्ड एंपायर से लेकर चीयर गर्ल्स रहेगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रही गाजियाबाद प्रीमियर लीग जीपीएल का भव्य शुभारंभ 5 जून से होने जा रहा है। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस हाई-प्रोफाइल टी-20 लीग में करीब 150 खिलाड़ी मैदान पर अपना दमखम दिखाएंगे।

प्रतियोगिता को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है और आयोजकों ने इसे आईपीएल की तर्ज पर आयोजित करने का दावा किया है। जीसीए अध्यक्ष एवं यूपीसीए उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में बताया कि उद्घाटन समारोह 5 जून को शाम 6 बजे आयोजित होगा। समारोह में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार, जेके सीमेंट के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर निधिपति सिंघानिया सहित खेल, उद्योग और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। गाजियाबाद प्रीमियर लीग केवल एक क्रिकेट टूनामेंट नहीं, बल्कि जिले को खेलों की नई पहचान दिलाने की महत्वाकांक्षी पहल है। थर्ड अंपायर, लाइव टेलीकास्ट, अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग और आईपीएल जैसी व्यवस्थाओं के साथ यह प्रतियोगिता आने वाले वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट लीग बनने की ओर अग्रसर दिखाई दे रही

### आईपीएल जैसा रोमांच, थर्ड अंपायर और लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद प्रीमियर लीग को प्रदेश की सबसे आधुनिक क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शामिल करने की तैयारी की गई है। टूर्नामेंट में थर्ड अंपायर सिस्टम, हाई-डेफिनेशन कैमरे, बड़ी एलईडी स्क्रीन और डिजिटल स्कोरिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। रन आउट, स्टंपिंग, कैच और बाउंड्री जैसे विवादित फैसलों का निपटारा थर्ड अंपायर की मदद से होगा। इतना ही नहीं, मुकाबलों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे देश और विदेश में बैठे क्रिकेट प्रेमी मैचों का आनंद ले सकेंगे। खिलाड़ियों की एंट्री, मैच प्रेजेंटेशन, कमेंट्री और तकनीकी व्यवस्थाएं भी आईपीएल के माहौल का अहसास कराएंगी।



### अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी बढ़ाएंगे मुकाबलों की प्रतिष्ठा

**करंट क्राइम :** अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं चर्चित कमेंटेटर अनिल चौधरी भी लीग के तीन प्रमुख मुकाबलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उनके जुड़ने से प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर की पहचान मिलने की उम्मीद है। आयोजकों का मानना है कि इससे युवा खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट के वातावरण का अनुभव मिलेगा।

### रोजाना होंगे दो मुकाबले, 1000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था

**करंट क्राइम :** लीग के दौरान प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर 3 बजे से शाम 6 :30 बजे तक और दूसरा मैच शाम 6 :30 बजे से रात 11 बजे तक होगा। स्टेडियम में लगभग 1000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मैच के लिए 250 रुपये का टिकट निर्धारित किया गया है।

### सुरेश रैना, रिंकू सिंह, प्रशांत वीर और समीर रिजवी भी दिखाएंगे दम



**करंट क्राइम :** इस प्रीमियर लीग में क्रिकेट प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के कई बड़े सितारों का जलवा देखने को मिलेगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ-साथ रिंकू सिंह, प्रशांतवीर और समीर रिजवी भी लीग से जुड़ेंगे। ये खिलाड़ी न केवल टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाएंगे, बल्कि युवा प्रतिभाओं को परखने और उन्हें आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आयोजकों के अनुसार, लीग का उद्देश्य गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्र के उभरते क्रिकेटरों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना है, जहां उन्हें अनुभवी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। हाल के वर्षों में समीर रिजवी और प्रशांत वीर जैसे युवा खिलाड़ी उत्तर प्रदेश क्रिकेट की नई पहचान बनकर उभरे हैं, जबकि रिंकू सिंह और सुरेश रैना युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### नॉकआउट मुकाबलों से होगा टीमों का चयन, युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

**करंट क्राइम :** टूर्नामेंट से पहले टीमों के चयन के लिए नॉकआउट मुकाबले भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि जीपीएल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त मंच है। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भविष्य में बड़े अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। प्रेस वार्ता में यूपीसीए अंपायर पैनल के अध्यक्ष मनोज पुनडीर, जीसीए के जनरल सेक्रेटरी मनोज मांकड़, डॉ. अरविंद डोगरा, अनिल माथुर, मतलूब मोहम्मद, ठाकुर अमर सिंह, शाहिद सैफी, सुनील सैनी सहित कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम के पार्षदों में सुलग रही है आंच और पनप रहा है रोष? तभी तो पार्षद हिमांशु शर्मा ने लिखा जिंदा रहना है तो कुछ करना होगा नहीं तो मुर्दे ही रहते हैं खामोश? क्या शर्मा पार्षद शब्दों के जरिये जता रहे हैं किसी बात को लेकर रोष? जो डर गया वो मर गया ? आखिर किस काम का ऐसा जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या नदियापार के एक वार्ड में चल रही है भगवा फाईट बिटवीन द भगवा चौहान एंड भगवा चौहान? क्या पूर्व पार्षद ने कहा कि वार्ड के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे हैं मंडल अध्यक्ष मिस्टर चौहान? कहने वाले ने कहा कि मंडल से लेकर वार्ड तक चल रहा है ये भगवा घमासान? हम तो इंतजार इस बात का कर रहे है कब भगवा योद्धा का इस बात पर जाएगा ध्यान ? वो चाहें तो कब का खत्म हो जाये ये घमासान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार की एक धरा में जब हुआ फूल वालों का प्रोग्राम? यहां मिले जब दो पार्षद तो शुरू हो गया सैक्टर 13 की जमीन की नपाई का काम? चौधरी पार्षद की ये जिद थी कि सैक्टर 13 आता है मेरे वार्ड में? भाटी पार्षद पहुंचे सैक्टर मेरे भी वार्ड में आता है? दोनों थे अपने अपने वचन पर अटल? तभी हुई ये बात चौक वाले पटल को लेकर? कौन करवायेगा अटल चौका का निर्माण? बोलने वाला बोला इस स्टोरी में बहुत झोल दिख रेला है भाईजान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पार्षद कर रहे हैं इस बात को कुछ ज्यादा ही फील? जो पार्षद उठा रहे थे हाउस टैक्स के आंदोलन की मशाल? सुना है उन्हीं पार्षदों के वार्ड में नहीं हो रहा है विकास? कहने वाले ने कहा कि बन रही है इस बात की लिस्ट? आने वाले समय में आ सकता है पूरे आंकड़ों के साथ कहानी में ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा या तो क्रांतिकारी बन जाओ ? या फिर गर्दन डाउन करके पा लो विकास वाला गिफ्ट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक वार्ड में चल रही है एक अलग ही किस्म की लड़ाई? यहां पर भगवाधारी सिंह ने कर दिया ये एलान? मैं उसे नाम के आगे पूर्व पार्षद नहीं लिखने दूंगा श्रीमान? उन्होंने कहा हमने कोर्ट से जीती है ये लड़ाई? कहने वाले ने कहा कि पहले वालों के नाम के विकास वाले पत्थर भी उखड़वाने के हुए थे आदेश? फिलहाल सुना है कोर्ट में चल रहा है केस? कहने वाले ने कहा, बात तो सब बना ही लेते है ? नजर ऐन इस बात पर है कि आगे क्या मोड़ लेगा ये वाला केस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार वाले बंसल हो गये पहलवान से लेकर दूसरे लोगों से भी बागी? कहने वाले ने कहा जिन्होंने लड़वाया था पार्षदी का इलैक्शन? क्या बंसल अब महसूस करते हैं उन्हीं से टेंशन? कहने वाले ने कहा कि कुछ तो रही है मजबूरी? ऐसे ही तो बंसल जी ने नहीं बनाई है दूरी? कहने वाले एनडी कहाँ बंसल जी के एक अदा और है खास ? वो समय आने पर ही देते है सामने वाले को भाव ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनप्रतिनिधियों मे क्या पार्षद भी ले रहे हैं सबसे ज्यादा स्ट्रैस? क्या सांसद, विधायक, मेयर और एमएलसी को नहीं है कोई तनाव? तभी तो ये वाले जनप्रतिनिधि ना दिखते स्वीमिंग पूल में? और ना ही नजर आते हैं किसी टूर पर? कहने वाले ने कहा कि स्ट्रैस तो एमएलसी दिनेश गोयल से लेकर एमएलसी नरेन्द्र कश्यप ने भी नहीं लिया? लगता है इन जनप्रतिनिधियों का इलाका छोटा होगा और पार्षदों का क्षेत्र भी बड़ा था तभी तो उन्होंने लिया ज्यादा तनाव? कहने वाले ने कहा, छोड़ो तनाव की बात ? एंजॉय का हमेशा ऊँचा होता है भाव ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पार्षद बना रहे थे जिम कॉरबेट के वन में जाने का प्लान? तब शहर वाले पार्षद ने क्यों पूछ लिया कहां हैं पांच पांडव श्रीमान? वो किसे बता रहे थे पांच पांडव? क्यों कहा उन्होंने कि पांडवों के वन गमन का आ गया है टाईम पार्थ? क्या उन्होंने लिखे थे इन पांच पांडवों के नाम? कहने वाले ने कहा इनके पास टूर और पूल के अलावा कुछ बचा भी कहाँ है ? कहाँ इनके कहने से हो रहे है इस वक़्त कोई काम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिम कॉरबेट वाले टूर में की गयी है पार्षद बहनों के लिए अलग से व्यवस्था? क्या इस बात को सुनकर लाईनपार वाली पार्षद ने कहा वाह.. बहुत अच्छा? क्या टूर में बना है कोई फैमली प्लान? मगर ये सुविधा रहेगी केवल महिला पार्षदों के लिए? क्या महिला पार्षद ले जा सकती हैं अपने साथ किसी परिवार के सदस्य को? कहने वाले ने कहा टूर का प्रोग्राम है शानदार ? मगर इसके पीछे एक गहरी लड़ाई भी छुपी हुई है यार ? टूर पर जाने वाले सब समझते है ? वो भी है टूर के ऑटगिनाइजर की तरह समझदार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या मन की बात में दिखी है किसी मौहल्ले में भगवा तकरार? क्या किसी मंडल वाले ने बता दिया किसी नामित को गद्दार? कहने वाले ने कहा कि उस मौहल्ले में चल रही है भगवा तकरार? एक समूह बना रहा है उन्हें चीफ गेस्ट तो , दूसरा समूह बता रहा है उन्हें कुछ और? कहने वाले ने कहा कि फूल वाले ही लगा रहे हैं एक दूसरे की लैग पुलिंग पर पूरा जोर? सवाल पढ़कर अगर मोहल्ला ना पता चला तो आपको मिनटॉस की गोली खाकर अपने दिमाग को धार देनी हो 100 प्रतिशत श्योर ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम ने की समीक्षा बैठक

## माइक्रो प्लान के तहत समयबद्ध तरीके से पूरी हों व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुविधा रहे प्राथमिकता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों ने भाग लेकर तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं माइक्रो प्लान के आधार पर तय समय सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में कांवड़ मार्गों को गड्ढामुक्त बनाने, नियमित साफ-सफाई कराने तथा मार्गों की सुंदरता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा जलपान केंद्रों की प्रभावी व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी तथा यातायात प्रबंधन को मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के दैनिक जीवन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ना चाहिए। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का सुगम आवागमन और आमजन की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, एडीएम (ई) ज्योति मौर्य, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने विचार गोष्ठी के साथ बांटा शरबत

## रामदुलार यादव बोले- गर्मी में सेवा ही धर्म





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पार्क, जीटी रोड साहिबाबाद में भीषण गर्मी से राहत के लिए मीठा जल वितरण समारोह आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद रामदुलार यादव ने कहा कि तपती गर्मी में प्यासों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

हजारों राहगीरों ने शरबत ग्रहण कर आयोजकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर 'विश्व की भयावह स्थितिः कारण और निदान' विषय पर विचार गोष्ठी भी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखक सरदार अमरजीत सिंह कलिंगा ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. बिशनलाल गौड़ रहे। संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्रा और आयोजन इंजीनियर धीरेंद्र यादव ने किया।

गोष्ठी में हुकुम सिंह ने देशप्रेम के गीत सुनाकर सभी को आत्मविभोर कर दिया। पंडित विनोद त्रिपाठी ने ज्ञानपीठ संदेश पढ़कर प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने कहा कि आज विश्व अहंकार, नफरत और संसाधनों की लूट से जूझ रहा है। इसका निदान सत्य, अहिंसा और भाईचारे के रास्ते पर चलकर ही संभव है। इस मौके पर रामदुलार यादव का 74वें जन्मदिन का केक काटा गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, कैलाश चंद्र, कालीचरण चौधरी, धर्मवीर डबास, राज देवी चौधरी, यस यस प्रसाद, श्रीनिवास विश्वनाथ प्रसाद, वीर सिंह सेन, ओमप्रकाश अरोड़ा, लोकेश यादव, राजपाल यादव, अवधेश यादव, चिंतामणि यादव, शिव शंकर, चक्रधारी दुबे, सम्राट सिंह यादव, ब्रह्म प्रकाश, मुनीम यादव, कमलेश यादव, अमन यादव, अनामिका, रिचा शर्मा, अभिषेक, चंद्रावली मौर्य, मनोहर लाल कश्यप, किशन यादव, जितेंद्र यादव, गुरविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजकुमार, सूरजभान ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे।

# खोड़ा में सूर्या चौहान की मां से मिले भाजपा नेता कालू यादव

## बोले- पीड़ित परिवार को दिलाई जा रही हर संभव मदद



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा कॉलोनी में सूर्या चौहान की हत्या के बाद भाजपा नेता कालू यादव बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने सूर्या चौहान की माता से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कालू यादव ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार के साथ खड़ी है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

ईद के दिन हमलावरों ने सूर्या चौहान की हत्या कर दी थी। घटना के बाद से क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है। भाजपा नेता ने परिवार को आर्थिक व कानूनी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# वार्ड 34 में सीसी रोड का निर्माण शुरू

## हाजी कल्लन ने रात में किया औचक निरीक्षण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 की निगम पार्षद खुशीर्दा कल्लन के प्रयासों से कैपिटल कंपाउंड की गलियों में सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से जर्जर सड़क के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। पार्षद ने क्षेत्रवासियों की मांग पर नगर निगम से प्रस्ताव पास कराकर कार्य शुरू कराया। मंगलवार देर रात हाजी मोहम्मद कल्लन ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। कल्लन ने कहा कि सड़क बनने से जलभराव और कीचड़ की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश में गलियों में पानी भर जाता था और कीचड़ से निकलना मुश्किल हो जाता था। सीसी रोड बनने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को राहत मिलेगी। हाजी कल्लन ने कहा कि वार्ड 34 के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। जल्द ही अन्य गलियों में भी सड़क व नाली निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर कॉलोनी निवासियों ने हाजी मोहम्मद कल्लन आभार व्यक्त किया जिसमें मुख्यरूप से मोहम्मद अजीम मंसूरी शब्बीर खान जफर अली मोहसीन चौहान शाहिद खान मुजाहिद सरफराज खान अमन वसीम खान विशाल राम वषाएँ जावेद आदि लोग मोजूद रहे।

# घंटाघर के कपड़ा शोरूम में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू

### जवाहर गेट स्थित न्यू बालाजी गारमेंट्स की तीसरी मंजिल पर लगी थी आग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** घंटाघर स्थित जवाहर गेट के पास एक कपड़ा शोरूम की तीसरी मंजिल पर बुधवार शाम आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बुधवार शाम 5:24 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली कि घंटाघर के जवाहर गेट के पास स्थित एक दुकान में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही दो फायर टैंकर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दुकान संख्या 217-218 स्थित न्यू बालाजी गारमेंट्स की तीसरी मंजिल पर रखे कपड़ों में आग लगी हुई थी। फायर कर्मियों ने हौज पाइप लाइन बिछाकर पानी की बौछार शुरू की और बीए सेट पहनकर घने धुएं के बीच अंदर प्रवेश किया।

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। राहुल पाल ने बताया कि दुकान के स्वामी कमल मदान पुत्र वासुदेव मदान निवासी नेहरू नगर मौके पर मौजूद थे। दमकल विभाग की तत्परता से आग को अन्य हिस्सों और आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग बुझाने के बाद दमकल की टीम वापस फायर स्टेशन लौट गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### व्यस्त बाजार में टला बड़ा हादसा

**करंट क्राइम :** घंटाघर और जवाहर गेट क्षेत्र शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक इलाकों में गिने जाते हैं। कपड़ों के शोरूम में लगी आग यदि समय रहते नियंत्रित नहीं होती तो आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

# चिराग त्यागी हत्याकांड पर संत समाज का शक्ति प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट पर 8 घंटे तक डटे रहे परिजन और हिंदू संगठन
- डीएम से मुलाकात के बाद बुलडोजर कार्रवाई की मांग बरकरार
- एनकाउंटर, सरकारी नौकरी, सुरक्षा और शस्त्र लाइसेंस समेत दर्जनभर मांगें उठाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चिराग त्यागी हत्याकांड को लेकर बुधवार को संत समाज, त्यागी समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ा प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने करीब आठ घंटे तक जिलाधिकारी से मुलाकात का इंतजार किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाते रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व डा. उदिता त्यागी, महंत यतीनंदन सरस्वती व समाज के अन्य प्रमुख लोगों ने किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई, एनकाउंटर, पीड़ित परिवार की सुरक्षा, सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता और शस्त्र लाइसेंस सहित दर्जनभर मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। बताया गया कि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार उस समय डासना क्षेत्र में चल रही अवैध कब्जा हटाने की बड़ी कार्रवाई में व्यस्त थे। इसके चलते प्रतिनिधिमंडल को करीब आठ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। बाद में जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार और संत समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को गंभीरता से सुना। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया में सहयोग का आश्वासन दिया गया। हालांकि परिजन और समाज के लोग मुख्य आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक न्याय अधूरा रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में संत समाज, त्यागी समाज और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। डासना में चल रही प्रशासनिक कार्रवाई के कारण जिलाधिकारी रविंद्र कुमार समय पर कलेक्ट्रेट नहीं पहुंच सके। इसके चलते पीड़ित परिवार और संत समाज के प्रतिनिधियों को लगभग आठ घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

बाद में डीएम ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार का आश्वासन दिया।
संत समाज के नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई और उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर नहीं चला तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिराग त्यागी के परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा।

# शालीमार गार्डन में श्री राम कथा का शुभारंभ

## 351 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री जगदम्बा मंदिर शिव चौक शालीमार गार्डन गणेश पुरी में बुधवार को श्री राम कथा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। 351 माता-बहनों ने सिर पर कलश लेकर शिव चौक से यात्रा शुरू की। यात्रा एसएम वर्ल्ड, बी ब्लॉक चंद्रशेखर पार्क, सी ब्लॉक इतवार बाजार, गणेश पुरी सी ब्लॉक पीपल वाली गली और एक्स-1 पुलिस चौकी होते हुए शिव चौक पर संपन्न हुई।

चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास पंडित कृष्णा प्रताप तिवारी ने यात्रा के बाद राम जी के जीवन पर एक घंटे का प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि राम का आदर्श जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ 3 जून को शाम 4 बजे पंडित तिवारी के मुखारबिंद से हुआ।

इस अवसर पर निगम पार्षद राजीव भाटी, पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर, निलेश मित्तल, निटू गुप्ता, हरि अग्रवाल, अशोक यादव, सतेंद्र डागर, किरणपाल भाटी, राधे श्याम, हर्ष कुमार, शिवम बाबरिया समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। कथा 9 जून तक चलेगी।